
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 बॉसी लुक में अनन्या पांडे ने बरपाया...

संचार साथी ऐप पहरेदार की तरह ... 12

गाजियाबाद, शनिवार 18 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 317, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### ओडिशा के सीमेंट फैक्ट्री हादसे में 64 श्रमिकों को बचाया गया, 3 की तलाश जारी

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में संचालित एक सीमेंट फैक्ट्री में गुरुवार रात कोयला हॉपर (लोहे का ढांचा) गिरने के बाद मलबे में फंसे श्रमिकों में से 64 को बचा लिया गया है। हालांकि, 3 मजदूरों का अभी पता नहीं चल सका है। फंसे हुए तीनों श्रमिकों की पहचान कर ली गई है और बचाव टीम तेजी से मलबे को हटाकर उनके निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। मौके पर पुलिस और शीर्ष अधिकारी डेरा




जमाए हुए हैं। पुलिस ने बताया कि रात को डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में काम चल रहा था। उसी दौरान बॉयलर में ले जाने से पहले कोयले को संग्रहीत करने के लिए बनाया गया कोयला हॉपर टूट गया। इससे 67 श्रमिक कई टन मलबे में दब गए। पुलिस ने बताया कि सूचना पर तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया और 64 श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया। सुशांत राउत, दशरथ पात्रा और रंजीत भोल नामक 3 श्रमिक अभी भी मलबे में फंसे हैं। राजगांगपुर के तहसीलदार जगबंधु मल्लिक ने कहा, बचाव अभियान जारी है और हम फंसे हुए 3 श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पश्चिमी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक बृजेश राय ने कहा कि 6 अग्निशमन कर्मी और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें बचाव अभियान में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद कंपनी के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, जिससे श्रमिकों और परिवार के सदस्यों में अशांति फैल गई।

### कोटा में नीट छात्र ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या, इस साल तीसरा मामला

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब विज्ञाननगर थाना इलाके में संयुक्त प्रवेश पात्रता परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक 18 वर्षीय छात्र ने अपने कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। पुलिस अब आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि ओडिशा निवासी छात्र विज्ञाननगर इलाके में किराए पर रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। गुरुवार शाम को कमरे में जाने के बाद वह खाने के लिए बाहर नहीं आया। मकान



मालिक के दरवाजा खटखटाने पर भी उसने नहीं खोला। इस पर जब खिड़की खोलकर देखी तो वह फंदे से झूलता मिला। पुलिस ने बताया कि युवक के शव को फंदे से उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और उसके परिजनों को भी सूचना दे दी। कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने का यह इस साल तीसरा मामला है। इससे पहले 9 जनवरी को मध्य प्रदेश निवासी अभिषेक लोधा ने विज्ञाननगर थाना क्षेत्र में आत्महत्या कर ली थी। इसी तरह, 8 जनवरी को जवाहर नगर थाना क्षेत्र में हरियाणा निवासी छात्र नीरज ने भी हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दी थी। अभिषेक के कमरे से बरामद सुसाइड नोट में उसने परीक्षा में सफल न होने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी थी।

### केरल की अदालत ने ग्रीष्मा को 23 वर्षीय शेरोन की हत्या का दोषी पाया, मां बरी

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को 14 अक्टूबर, 2022 को अपने प्रेमी शेरोन राज को एक आयुर्वेदिक दवा में जहरीला रसायन मिलाकर जहर देकर हत्या करने वाली ग्रीष्मा नामक युवती को दोषी ठहराया है। 11 दिनों तक अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद, 25 अक्टूबर, 2022 को शेरोन की जहर के कारण मौत हो गई। इस मामले में दूसरी आरोपी ग्रीष्मा की मां को बरी कर दिया गया, जबकि उसके चाचा को भी दोषी पाया गया। आज शनिवार को कोर्ट ग्रीष्मा और उसके चाचा दोनों को सजा सुनाएगी।

फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए शेरोन राज के माता-पिता ने ग्रीष्मा की सजा पर राहत की सांस ली है। मगर वहीं उन्होंने उसकी मां को बरी किए जाने पर सवाल उठाए है।

# भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री लोकप्रिय और फ्यूचर रेडी: मोदी

**ऑटो एक्सपो 2025 के उद्घाटन में बोले पीएम**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया. इस दौरान प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में पीएम मोदी के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे.

इस दौरान पीएम मोदी ने ऑटो एक्सपो में आई गाड़ियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे. तब मैंने आप सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा. देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया. आप सभी ने हमें यहां बुलाया. मैं इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं.

पीएम मोदी ने कहा कि, मुझे खुशी है कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है. पिछले साल 800 ज्यादा एग्जीक्यूटर्स ने हिस्सा लिया, 1.50 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया. इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारिका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भी ये एक्सपो चल रहा है. आने वाले पांच-छह दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे. अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं. ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को लेकर कितनी पॉजिटिविट है। यहां कुछ एग्जीविशिन में विजिट करने उन्हें देखने का का अवसर मुझे मिला। पीएम मोदी ने कहा कि, भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री फैंटास्टिक भी है और फ्यूचर रेडी भी. भारत के ऑटो सेक्टर के इतने बड़े आयोजन में मैं आज रतन टाटाजी और ओसोमो सुजुकी जी को भी याद करूंगा. भारत के ऑटो सेक्टर की ग्रोथ में, मिडिल क्लास का सपने को पूरा करने में इन दोनों महानुभावों का बहुत बड़ा योगदान




रहा है. मुझे भरोसा है कि रतन टाटा और ओसोमो सुजुकी जी की लेगेसी पूरे मोबिलिटी सेक्टर को इंस्पायर करती रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत एक्सप्रेसन से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है यही एक्सप्रेसन हमें भारत की ओटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है. बीते साल भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है।

मेक इन इंडिया, मैक ऑफ द वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब एक्सपोर्ट भी बढ़ रहा है. इतनी तो दुनिया के तो कई देशों की जनसंख्या नहीं है जितनी भारत में गाड़ियां बिक रही हैं. एक साल में करीब ढाई करोड़ गाड़ियां बिकना ये दिखाता है कि भारत में डिमांड लगातार कैसे बढ़ रही है. ये दिखाता है कि जब मोबिलिटी के फ्यूचर की बात आती है तो भारत को इतने बड़ी उम्मीद के साथ देखा जा रहा है।

## राहुल गांधी ने देर रात किया दिल्ली एम्स का दौरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने इलाज के लिए आए मरीजों और

**इलाज के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर सो रहे मरीजों के परिजनों की समस्याएं भी सुनीं**

उनके परिजनों से मुलाकात की और कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर सो रहे मरीजों के परिजनों की समस्याएं भी सुनीं।

इसके बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर केंद्र और दिल्ली सरकार पर मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर फोटो के साथ केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, आज मैं एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो इलाज के लिए आए हैं। वे सड़कों, फुटपाथों और सबवे में सोने को



मजबूर हैं। ठंडी जमीन, भूख और असुविधाओं के बीच मरीजों ने उम्मीद की लौ जला रखी है। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों ही जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही हैं। कांग्रेस ने भी राहुल के वीडियों को अपलोड कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सब-वे पर सोने को मजबूर हैं। मोदी सरकार और दिल्ली की सरकार ने इन्हें अपने हाल पर छोड़ रखा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने मनु, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश डी और पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता - मनु भाकर (निशानेबाजी), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी) और प्रवीण कुमार (पैरा-एथलीट) को शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए दिए जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। सिंगापुर में खिताबी मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को पछाड़कर गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। मनु 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीतकर पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। दूसरी ओर, हरमनप्रीत ने भारत को पुरुष हॉकी में लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाया, जबकि प्रवीण ने पैरालंपिक में ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले बत्तीस एथलीटों में 17 पैरा-एथलीट शामिल हैं। सूची में ज्योति याराजी, अन्नू रानी, नीटू, स्वीटी, वंतिका अग्रवाल,



सलीमा टेटे, अभिषेक, संजय, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, राकेश कुमार, प्रीति पाल, जीवनजी दीप्ति, अजीत सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी, धरमबीर, प्रणव सूरमा, एच होकाटो सेमा, सिमरन, नवदीप, नितेश कुमार, थुलासिमथी मुरुगेसन, निथ्या श्री सुमति सिवान, मनीषा रामदास, कपिल परमार, मोना अग्रवाल, रूबीना फ्रांसिस, स्वप्निल सुरेश कुसले, सरबजोत सिंह, अभय सिंह, साजन प्रकाश और अमन शामिल हैं।

## आरजी कर डॉक्टर रेप-हत्या मामले में आज फैसला आने की संभावना

**कोलकाता (आरएनएस)।** आरजी कर डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में सियालदह कोर्ट 18 जनवरी को अपना फैसला सुना सकता है. इस घटना ने पूरे देश और पीड़ित परिवार को झकझोर कर रख दिया है. मृतक डॉक्टर के पिता ने निष्पक्ष फैसले की उम्मीद जताते हुए कहा कि अदालत द्वारा सभी बातों पर विचार करने के बाद हमें अच्छा फैसला मिलेगा. डीएनए रिपोर्ट में अन्य लोगों (अन्य आरोपियों) की मौजूदगी की पुष्टि हुई है. दो मामले हैं, एक हाईकोर्ट में विचाराधीन है और दूसरा सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किया गया है. पीड़ित परिवार ने कहा कि वह अदालत के फैसले के बाद अगर न्याय उनके मुताबिक नहीं हुआ तो वह आगे की अदालतों में अपील करेंगे। पीड़ित डॉक्टर के पिता ने कहा कि हम अपनी बेटी के लिए सच्चा न्याय चाहते हैं. हमें जहां भी जरूरत होगी, हम जाएंगे. इस मामले में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ




बलात्कार और हत्या की गई थी, जिसका शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था. इस घटना के बाद, अस्पताल के एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

## अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रही तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राजधानी की स्कूल और कॉलेज के छात्रों को मेट्रो किराए में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की मांग की है।

उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि इस सब्सिडी का बोझ

**छात्रों के लिए की यह विशेष मांग**

राज्य और केंद्र सरकार द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। आइए जानते हैं केजरीवाल ने पत्र में क्या-क्या लिखा है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की छात्रों को मेट्रो किराए में छूट देने की मांग को बेहद अहम माना जा रहा है।

जाहिर सी बात है कि दिल्ली में छात्र अपने कॉलेज जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे छात्रों को जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ता है।

छात्रों को मेट्रो किराए में छूट मिलती है तो आर्थिक तंगी के चलते डीटीसी की खचाखच भरी बसों में सफर



करने को मजबूर छात्रों को राहत मिलेगी। आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करने का आखिरी दिन है।

दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 78 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा और इसके बाद 8 फरवरी को चुनाव का परिणाम आएगा। इस चुनाव में आप के साथ भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। तीनों ही दल चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और दिल्ली की जनता से नए-नए वादे कर उन्हें आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।


**भव्य स्वागत** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश का सर्वोच्च खेल रत्न मेजर ध्यान चंद अवार्ड दिया


# प्रवीण कुमार को अवार्ड दिए जाने पर खुशी की लहर हो भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के गांव गोविंदगढ़ के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट प्रवीण कुमार को शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश का सर्वोच्च खेल रत्न मेजर ध्यान चंद अवार्ड दिया, जिससे गांव मे खुशी का माहौल है और लोगों ने प्रवीण के परिवार को बधाइयां देते हुए प्रवीण के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दीं हैं।

गांव गोविंदगढ़ निवासी प्रवीण के पिता अमरपाल ने बताया कि उनको बेटे को 2024 के लिए देश का सर्वोच्च खेल रत्न मेजर ध्यान चंद अवार्ड दिया जाने पर वह फूले नहीं समा रहे हैं, उनको अपने बेटे पर गर्व है और वह आगे भी देश का नाम रोशन करेगा। सभी परिवार के लोग दिल्ली गये हुए हैं, फिलहाल अमरपाल ही घर पर अकेले हैं। वह सिचाई विभाग मे ट्यूबबेल ऑपरेटर हैं, प्रवीण का







खेल रत्न के बाद अपने कोच के साथ। देश के राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा प्रवीण सिंह खेल रत्न अवार्ड देते हुए। खेल रत्न अवार्ड अवार्ड मिलने केबाद प्रवीण कुमार राष्ट्रपति भवन के बहर खड़ा हुआ

एक पैर जन्म से छोटा है। जिसको लेकर उनके परिवार को उनके भविष्य की चिंता रहती थी और उसको लोग भी चिढ़ाते थे। प्रवीण कुमार ने स्कूल मे ऊँची कूद मे हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया था, उन्होंने 2016 मे जब वह कक्षा 9 मे पढ़ते थे तब सही से खेल की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने 2021 मे टोक्यो पैरालंपिक मे रजत पदक, 2022 मे एशियाई पैरालंपिक में स्वर्ण पदक और फिर 2024 मे पेरिस पैरालंपिक में गोल्ड मेडल जीत देश का नाम रोशन किया था। अब वह दिल्ली मे वर्ल्ड पैरा एथलीट की तैयारी कर रहे हैं, जो सितंबर माह मे दिल्ली मे होगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# डीजे की तेज आवाज से परेशान लोगों ने एसडीएम से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** पहासू क्षेत्र में खुर्जा - पहासू मार्ग स्थित निजी फार्म हाउस



के खिलाफ स्थानीय लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कारवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता हेमंत लोधी ने बताया है कि फार्म हाउस में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण रोड की दोनों ओर वाहन खड़े होने से रोड पर लम्बा जाम लग जाता है और आए दिन हादसे होते हैं वहीं रात्रि में फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रमों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है इस सम्बन्ध में पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी है।

# सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज कासना में छात्राओं ने मानक कार्निवाल कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** रघुनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज आंचूरु कलां शिकारपुर बुलंदशहर का शैक्षिक भ्रमण ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड शाखा नोएडा की ओर से आयोजित किया गया था । जिसके अंतर्गत प्रधानाचार्य चंद्रवीर सिंह पुंडीर के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज कासना ग्रेटर नोएडा में बच्चों ने मानक कार्निवाल कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया इस कार्यक्रम में उपभोक्ता जागरूकता के उद्देश्य से बच्चों को टोपी टी-शर्ट एवं मेडल भी दिया गया बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक,




पोस्टर मेकिंग, रंगोली, विज्ञान मॉडल में हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक की टीम को पुरस्कृत भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय से नामित मेंटर अतुल तिवारी प्रवक्ता जीव विज्ञान को भी विद्यालय स्तर पर संचालित मानक क्लब गतिविधियों के सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने में श्रीमती रंजना प्रवक्ता कला हरपाल सिंह, रमेश चंद्र ,शहर्ष गर्ग , हनुमान सिंह ,एवं भ मोहम्मद कमाल , ने विशेष योगदान दिया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की ओर से बच्चों को मुफ्त बस की सुविधा ब्रेकफास्ट और लंच भी उपलब्ध कराया गया।

# विद्युत पोल से टकराकर ट्रक खाई में गिरा,बड़ा हादसा टला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू खुर्जा मार्ग पर बेंकुट हाल के सामने पाइप से भरा ट्रक विद्युत पोल से टकराकर सड़क के किनारे बह रहे नाले के पास पलट गया। पोल के तार टूटने से निकली चिंगारी से सामने मैरिज होम के बारातियों में अफरातफरी मच गई। किसी तरह ट्रक चालक तथा हेल्पर ने कूद कर जान बचाई। ट्रक चालक ने अज्ञात वाहन के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। गाजियाबाद से पाइप भर कर नेपाल जा रहा ट्रक सामने से आ रही गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्राली को बचाने के चक्कर मे खुर्जा-पहासू मार्ग पर अर्पित मैरिज होम के सामने बिजली के पोल से टकराकर सड़क के किनारे नाले की ओर पलट गया। पोल की टक्कर लगते ही तारों में



निकली चिंगारी से मरीज होम में खड़े बारातियों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रक पलटने से खुर्जा -पहासू मार्ग पर कई घंटे वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

# खुले घूम रहे बेसहारा गोवंश राहगीरों और किसानों के लिए बने मुसीबत, सांड के हमले से करीब आधा दर्जन हो चुके घायल, फसलों को भी पहुंचा रहे नुकसान, किसान परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** खुले में घूम रहे बेसहारा गोवंश राहगीरों और किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। क्षेत्र में लोग सांडो के आतंक से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनका सबसे ज्यादा जमावड़ा मुख्य रोडवेज चौराहों पर होता है। लोग इन जगहों से अपने वाहन ले जाने से भी डरते हैं। वह तो वाली रोड समेत शिवलोक कॉलोनी पर यह समस्या बनी रहती है। यहां से बाहर गुजरने वाले पैदल या बाइक सवार लोगों पर सांड हमला कर देते हैं। गढ़वा क्षेत्र में सांड के हमले से करीब आधा दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांड रोड



से होकर गुजरने वालों पर हमला कर घायल कर देते हैं। इसके चलते यहां पर अक्सर कोई ना कोई शख्स इनकी चपेट में आ जाता है। नगर में सड़कों पर तथा देहात में खेतों में गोवंश के झुंड घूमते दिखते हैं। खेतों में घुसकर बेसहारा गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं सड़कों पर घूमने वाले गोवंश से रात के अंधेरे में टकरा कर वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं । इससे लोगों को काफी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोवंश हथठेल पर रखे सामान को नुकसान पहुंचाते हैं। दुकानदार द्वारा हथठेले . से गोवंश को भगाने पर गोवंश जब सड़क पर भागते हैं तो राहगीरों पर हिंसक हो जाते हैं इसस राहगीर चोटिल हो जाते हैं । बेसहारा गोवंश किसानों के लिए समस्या बने हुए हैं । आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों ने समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

# डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे निजी स्कूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** जिले में प्राइवेट स्कूलों द्वारा जिला प्रशासन के आदेशों की अनदेखी का मामला सामने आया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों को 20 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया था, लेकिन जहांगीराबाद ब्लॉक क्षेत्र के गाँव रतनपुर में ललित कुमार मेमौ. पब्लिक स्कूल द्वारा इस आदेश की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इससे ठिठुरन भरी सर्दी में छात्रों को स्कूल में जाना पड़ा रहा है। मामला अब जिला प्रशासन के संज्ञान में आ गया है। जिसके बाद जिला प्रशासन ने ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है जो आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट






किया है कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सर्दी में छोटे बच्चों को जाना पड़ रहा स्कूल**

ललित कुमार मेमौ. पब्लिक स्कूल पिछले कई दिनों से रोज खुल रहा है और छोटे बच्चों को सर्दी के इस कड़कड़ाते मौसम में भी स्कूल जाने पर मजबूर किया जा रहा है। कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए डीएम का आदेश साफ था कि अत्यधिक ठंड के कारण सभी स्कूल 20 जनवरी तक बंद रहेंगे, लेकिन स्कूल प्रशासन ने इस आदेश की अनदेखी करते हुए स्कूल जारी रखा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

**इन्होंने कहा...**

जहांगीराबाद ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में प्राइवेट स्कूल खुलने का मामला जानकारी में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**- लक्ष्मीकांत पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# मैक्स अस्पताल पटपड़गंज ने मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया पर जागरूकता बढ़ाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSA) जैसी बढ़ती चिंताओं पर जोर देने के उद्देश्य से, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के डॉक्टरों ने आज एक जन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह सत्र मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज के लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आशीष गौतम द्वारा संबोधित किया गया, जिन्होंने इन खामोश घातक बीमारियों की आपसी जटिलताओं, इन स्थितियों के बढ़ते खतरे, प्रारंभिक पहचान के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से इन बीमारियों को रोकने और प्रबंधित करने के तरीकों को समझाया। बेरियाट्रिक सर्जरी मोटापे और उससे जुड़े रोगों जैसे टाइप 2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया ( ओएसए) और अन्य मेटाबॉलिक विकारों के लिए एक दीर्घकालिक समाधान प्रदान करती है। वैज्ञानिक शोध और क्लीनिकल ट्रायल से साबित हुआ है कि बेरियाट्रिक सर्जरी न केवल समग्र स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि टाइप 2 डायबिटीज का पूरी तरह से उपचार करने और हाइपरटेंशन व अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं के खतरे को कम करने में भी प्रभावी है। रोबोटिक-असिस्टेड बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद मरीज को 48 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। यह मिनिमली इनवेसिव पद्धति कई फायदे प्रदान करती है, जैसे संक्रमण का कम जोखिम, कम खून की हानि, और तेज रिकवरी, जिससे मरीज



जल्दी अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकते हैं। सत्र के दौरान, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज के लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आशीष गौतम ने कहा, "वर्तमान में, 77 मिलियन से अधिक भारतीय डायबिटीज के साथ जी रहे हैं। जिसका मुख्य कारण अस्वास्थ्यकर जीवनशैली हैं। डॉ०आशीष ने आगे कहा "संतुलित पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधि, मासिक स्वास्थ्य जांच और प्रभावी वजन प्रबंधन स्वस्थ जीवनशैली के आधारभूत स्तंभ हैं। प्रारंभिक स्क्रीनिंग और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप इन स्थितियों से जुड़े जोखिमों को कम करने में महत्वपूर्ण हैं।

व्यापक जीवनशैली संशोधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों का समर्थन करके, हम इन स्वास्थ्य समस्याओं की बढ़ती घटनाओं का सामना कर सकते हैं और उनके प्रभाव को व्यक्तियों और समाज पर काफी हद तक कम कर सकते हैं। मोटापा कई गंभीर बीमारियों जैसे डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्लीप डिसऑर्डर और कई अन्य जटिलताओं का मूल कारण बन गया है। अपनी विशेषज्ञता, कौशल और उन्नत तकनीक एवं रोबोटिक्स का उपयोग करके, मैक्स अस्पताल पटपड़गंज, मरीजों के परिणामों में सुधार, देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने और समुदाय की भलाई में योगदान देने का प्रयास कर रहा है।

# बीच से टूटा है बिजली का खंभा दुर्घटना की आशंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर कि कोतवाली के निकट बीच से टूटा हुआ है बिजली का खंभा दुर्घटना की आशंका लोगों का निकलना मतलब जान हथेली पर रखकर घूमना हर पल सिर पर मौत मंडराती रहती है लेकिन मानों बिजली विभाग के अधिकारियों को हादसे का इंतजार है कोतवाली के पास खड़ा जर्जर पोल हादसों को दावत दे रहा है बावजूद जिम्मेदार विभाग मौन साधे मानो किसी अनहोनी का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है जबकि इस पोल से हाईटेंशन लाइन तार गुजर रहा है मौहल्ले के लोगों व राहगीरों में जर्जर पोल गिरने की आशंका बनी हुई है मौहल्ले वासियों ने बताया कि अगर जल्द ही इसे दुरुस्त नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है विद्युत विभाग यहां न तो खंभा लगा रहा है और न ही जर्जर हो चुके खंभे को बदलने की तरफ ही गम्भीरता दिखा रहा है जबकि ऐसे खंभों व जर्जर तारों के गिरने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है यह खंभा नीचे से थोड़ा झुक चुका है इस सड़क पर हर वक्त वाहनों का आवागमन जारी रहता है युवा समाजसेवी योगेश शर्मा, का कहना है कि इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन



उन्होंने इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई सोनू कुमार, प्रदीप कुमार गौतम इनकम टैक्स एडवोकेट, ने कहा कि नगर में विद्युत तार और खंभों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है इसके बावजूद कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है विनय कुमार, ने कहा कि जब कभी इस बारे में जनता हंगामा करती है या कोई हादसा हो जाता है उसके बाद आनन-फानन में सभी कार्रवाई पूरी की जाती है समय रहते अगर ऐसी समस्याओं पर ध्यान दे दिया जाए तो स्थिति में सुधार हो सकता है विधुत विभाग के नगर जेई शत्रुघ्न कुमार, ने कहा शिकायत मिली है खंभा ठीक कराया जाएगा अब देखना यह होगा कि बिजली का खम्भा सही कितने दिनों में होता है सोचने का विषय ।

# मां के डांटने से नाराज युवक ने पंखे पर लटक कर की आत्महत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की त्यागी कॉलोनी में मां के डांटने से नाराज होकर एक युवक ने पंखे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की त्यागी कॉलोनी निवासी रेखा देवी अपने दो पुत्रों के साथ रहती है। उन्होने गुरुवार को अपने पुत्र पकंज को किसी बात को लेकर डांट दिया था। शुक्रवार सुबह रेखा अपने पुत्र शिवम के साथ काम पर आ गई। दोपहर तक जब पकंज काम पर नहीं आया तो वह घर पर देखने चली गई। रेखा देवी ने घर पर जाकर देखा कि पंकज पंखे से लटका हुआ था।

# शातिर बदमाश के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़, घायल गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद ।** थाना पुलिस टीम रात्रि गश्त व वांछित अभियुक्तों की तलाश में खुर्जा रोड पर गस्त में मामूर थी कि तभी एक संदिग्ध व्यक्ति बन्द पड़ी फैक्ट्री के सामने खड़ा हुआ दिखाई दिया जोकि पुलिस टीम को अपनी

**कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद**

तरफ आता देखकर फेक्ट्री के बराबर से जाने वाले कच्चे रास्ते पर मुड़कर जाने लगा। जिसपर पुलिस टीम ने व्यक्ति का पीछा करते हुए व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो नहीं रूका और बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी





फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान अयान पुत्र इरशाद उर्फ भोलू निवासी मौहल्ला गद्दीवाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुए है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला गद्दीवाड़ा में अवैध हथियार से जाने से मारने की नियत से फायरिंग एवं पत्थरबाजी की घटना कारित गयी थी।

# श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल ने फ्री हैल्थ चेकप कैंप लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** रविंद्र पाल सिंह की बैठक मामन खुद में श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल हैल्थ चेकप कैंप लगाया जिसमे मुफ्त ओपीडी के साथ दवाइयां में जांच फ्री दी गई। कैम्प का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक था। कैम्प में 120 पेसन्ट को निःशुल्क जाँच कर दवाएं फी दी डॉ पुलकित जैन व डॉ श्रुति मोहन उमियाल जैन ने बताया कि कैंप हर महीने लगाया जाता है इस कैंप में निशुल्क सेवाएं दी जाती है लोगों को हमारे श्री हेल्थ विंग हॉस्पिटल से काफी राहत मिलती है साथ ही डॉ ऋषि तोमर डॉ हनी, विनोद, दीपांशु लोधी पूजा इमरान, सुमित सैनी सहित सभी लोगों का ग्रामीण वासियों ने धन्यवाद किया और कहा कि श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल द्वारा जो कैंप लगाया गया है इससे सभी लोगों का इलाज अच्छा हुआ है।

**गिरफ्तार** कब्जे से चोरी किया गया तांबे का तार, घटना में प्रयुक्त गाडी, अवैध असलहा कारतूस, मोटर खोलने व काटने के उपकरण आदि बरामद

# चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा/बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना खुर्जा देहात प्रभारी मो असलम और चौकी प्रभारी धीरज राठी की चोरों पर बड़ी कार्यवाही थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम हाजीपुर भटौला - बसेन्दुआ बम्बे वाले रोड़ से चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर सद्स्य को चोरी किया गये तांबे का तार, घटना में प्रयुक्त गाडी, अवैध असलहा कारतूस, मोटर खोलने व काटने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं - 22/25 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं

गिरफ्तार चोर विवेक पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव आगेपुर थाना चंडौस जनपद अलीगढ़।
हाल पता- 134 गुलशन बिहार कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर.
देवेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी मुरारी नगर निकट फायर स्टेशन कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर
विजय पुत्र सुनील निवासी गोकुल बिहार कालोनी कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर बरामदगी-. 3 . 1 किलोग्राम तांबे का तार 0 1 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
01 अवैध चाकू. 0 1



टाटा ऐस गाड़ी नम्बरयूपी-13सीटी-0538 (घटना में प्रयुक्त). मोटर खोलने व काटने के उपकरण- 01 हथौड़ा, 01 पाइप रिंच, 01 प्लास आदि अभियुक्तों द्वारा थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अच्छेजा घाट से नलकूपों के मोटर तोड़कर तार चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं-482/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर इस अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी है।

# राजा हरिश्चंद्र की कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खानपुर (वसीम खॉन)।** क्षेत्र के गांव गिनौरा नंगली में चल रही भागवत कथा में पांचवे दिन



राजा हरिश्चंद की कर्मनिष्ठा की विषय प्रस्तुत किया गया। साध्वी सीमा दूबे ने बताया राजा हरिश्चंद्र एक सत्यनिष्ठ और धर्मपरायण राजा थे। वह अपने राज्य में न्याय और धर्म का पालन करते थे। एक बार, ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने का निर्णय किया। ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र से उनका राज्य और संपत्ति दान में मांगी। राजा हरिश्चंद्र ने अपना राज्य और संपत्ति दान में दे दिया। उक्त इसके बाद, ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र से उनकी पत्नी और पुत्र को भी दान में मांगा। राजा हरिश्चंद्र ने अपनी पत्नी और पुत्र को भी दान में दे दिया। इसके बाद, ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा पूरी होने की घोषणा की और उन्हें उनका राज्य और संपत्ति वापस कर दिया। हमारे समाज में ऐसे दानवीर पुरुष पैदा हुए है। जो समाज का दर्पण है साथ ही समाज को जिनसे सीखने की आवश्यकता है। राजा हरिश्चंद्र की कथा भगवान की कृपा और धर्म की जीत का एक उदाहरण है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ बॉसी लुक में अनन्या पांडे ने बरपाया...



संचार साथी ऐप पहरेदार की तरह ... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 18 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 317, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12



## शंकर महादेवन ने "चलो कुंभ चले" गीत से किया मंत्रमुग्ध

**महाकुंभनगर ।** महाकुम्भ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक अद्भुत संगम है। गंगा पंडाल में संस्कृति विभाग के विशेष कार्यक्रम "संस्कृति का संगम" में प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने अपने गीतों से गंगा पंडाल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मशहूर संगीतकार शंकर महादेवन ने महाकुम्भ जैसे पवित्र आयोजन का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने "चलो कुंभ चले" गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इसके बाद उन्होंने गणेश वंदना गाकर पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया



### गंगा पंडाल में 24 फरवरी तक प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा

गंगा पंडाल में 24 फरवरी तक प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित गायक, संगीतकार और नृत्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महाकुंभ के इस अलौकिक आयोजन में कैलाश खेर, कविता सेठ, नितिन मुकेश, सुरेश वाडेकर, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति समेत कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर महापौर गणेश शंकर केसरवानी, विधायक पूजा पाल समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## महाकुंभ मेला-2025



### संगम में स्नान के बाद कराया गया पिंडदान, आचार्य महामंडलेश्वर ने दी उपाधि

## किन्नर अखाड़े में बने 18 नए महामंडलेश्वर-महंत

**प्रयागराज ।** तीर्थराज प्रयागराज के विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ मेला में सनातन धर्म को मजबूत करने और प्रचार प्रसार के लिए अखाड़ों में पदाधिकारी बनाये जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-16 संगम लोवर मार्ग पर लगे किन्नर अखाड़ा में पदाधिकारी बनाए जाने का कार्यक्रम आज सुबह शुरू हुई। इस दौरान देश के अलग-अलग प्रदेशों से 18 पुरुष, महिला और किन्नरों को महामंडलेश्वर व महंत बनाए जाने की प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही।

आज गुरुवार को किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के सानिध्य में संन्यास दीक्षा दी गई। इसके पहले 11 आचार्यों की देखरेख में पिंडदान के बाद संन्यास प्रक्रिया संगम पर हुई। सभी ने संन्यास दीक्षा ली। उसके बाद संगम स्नान कर पूजन किया। किन्नर अखाड़ा में जिन लोगों को यह उपाधि दी गई उसमें यूपी के काशी, वृन्दावन, तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेश के लोग हैं। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि अभी 18 लोगों को महामंडलेश्वर, महंत सहित अन्य पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसके बाद देश और विदेश के लोगों को भी किन्नर अखाड़ा में जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे कि सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हो सके। इस दौरान पुरुष, महिला और किन्नर सभी को अखाड़ा में शामिल कर पद दिया जा रहा है।



## अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी, बोले- महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

**महाकुम्भनगर ।** महाकुम्भ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुम्भ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुम्भनगर जरूर आना चाहिए।

**त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया**



## महाकुम्भ मेले में संविधान गैलरी का हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर ।** महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत त्रिवेणी मार्ग पर सजाई गई संविधान गैलरी का गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। मंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।




संविधान गैलरी में भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय भी सजाया गया है। उद्घाटन समारोह के मौके पर भारतीय सेना के बैंड ने वंदे मातरम समेत कई देशभक्ति गीतों की धुन पर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने की। उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने कहा कि संविधान से सारे देश का संचालन होता है। कोई भी समाज संविधान और विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी। मुझे आशा है कि ऐसे प्रयत्न आगे भी चलते रहेंगे।मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विश्वविख्यात समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**निरीक्षण** मुख्य सचिव और डीजीपी उत्तर प्रदेश ने महाकुम्भ की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा

## मौनी अमावस्या पर्व के लिए और फाइन ट्यून करें तैयारियां : मुख्य सचिव

**महाकुंभनगर ।** पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें।

मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था।

उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर



किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही सभी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की दूरी भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। रेलवे को यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि जो यात्री जिस स्टेशन पर उतरा है उसे उसी स्टेशन पर उसकी वापसी की ट्रेन मिले। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के अलावा प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, एडीजी प्रयागराज मंडल भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। ई-लॉटरी के समय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) तथा

**आधुनिक युग मशीनीकरण का युग, कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए: मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल**

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के अन्तर्गत यन्त्रों की विकास खण्डवार ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया है। सबसे पहले सी०एच०सी० ग्रामीण उद्यमी की ई-लॉटरी द्वारा कृषकों का चयन किया गया। सी०एच०सी० हेतु 22 कृषकों के पंजीकरण के सापेक्ष 22 कृषकों का चयन ई-लॉटरी द्वारा किया गया। इसी क्रम में 20 रोटावेटर हेतु 02 कृषकों चयन, कल्टीवेटर हेतु 05 कृषकों के सापेक्ष 01 सुपर सीडर हेतु 5 पंजीकृत कृषकों के सापेक्ष 4 का चयन तथा टैक्ट्रर माउन्टेड क्राप रीपर हेतु 02 कृषकों के सापेक्ष 01 कृषक का चयन किया गया। सभी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों से लगभग 55 कृषक तथा ई-लॉटरी हेतु समिति के सदस्यों द्वारा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उपस्थित कृषक जिनका चयन हुआ समिति के सामने पारदर्शी तरीके से कृषको के यन्त्रों का चयन किया गया। जिन कृषकों का चयन ई-



लॉटरी के समय किया गया, उपस्थित जन समुदाय द्वारा ताली बजाकर बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की गयी।

इस कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, गुफरान प्रगतिशील कृषक, सन्नी एफ0पी0ओ0 सदस्य, प्रतिनिधि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय से सहायक जिला सूचना अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है आज का आधुनिक युग मशीनीकरण का युग है। अतः उपस्थित कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

**क्या पुलिस आयुक्त और उपायुक्त अपने थानेदारों की कार्यशैली से है अंजान या फिर**

# पुलिस आयुक्त के आशीर्वाद से है थानेदार दे रहे है शहर को अतिक्रमण और अवैध उगाही को बढ़ावा क्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कमिश्नरेट पुलिस






लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के पुलिस पर लगाए जाने वाले आरोपों को सत्य साबित कर रही है* ताजा प्रकरण वार्ड 18 के बाग वाली कॉलोनी से ठेली पटरी वालों से जुड़े अवैध उगाही वाले मामले का है जिसकी जांच कविनगर नगर निगम के जोनल कार्यालय द्वारा कर अवैध उगाही होना पाया था जिस पर जोनल प्रभारी द्वारा पुलिस को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 8 तारीख को तहरीर दे दी गई थी अवैध उगाही करने वालों के खिलाफ सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग ऑडियो रिकॉर्डिंग पार्षद शशि सिंह और उनके पति पवन गौतम द्वारा स्वीकार करना कि उपरोक्त कार्य मेयर साहिबा के आदेश पर किए है उसके बाद भी आज तक सभी सबूत और गवाह होने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई अब सवाल ये है इस अवैध उगाही के घृणित कार्य में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने का कारण कोई शासनिक दवाब तो नहीं कही पार्षद और उनके पति की बातों में सच्चाई तो नहीं कि मेयर मैडम ने ये अभियान चलाने को सभी निगम पार्षदों को बोला है।

# रीवर हाइट्स सीनियर सिटीजन एसोसिएशन (गाजियाबाद) रजिस्टर्ड की कार्यकारिणी का चुनाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाइट सोसायटी राज नगर एक्सटेंशन में चुनाव की प्रतिक्रिया इस प्रकार रही दिनांक 15-01-2025 को रीवर हाइट्स सोसाइटी के क्लब हाउस में आयोजित सामान्य निकाय बैठक में सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। श्रद्धानंद त्यागी को निर्विरोध रीवर हाइट्स सीनियर सिटीजन एसोसिएशन गाजियाबाद का अध्यक्ष चुना गया। पूरी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को ब्योरा निम्न प्रकार है।,अध्यक्ष श्रद्धानंद त्यागी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार चौहान,दिनेश त्यागी महासचिव कुलदीप गुप्ता, संयुक्त सचिव विनय मेहरा कोषाध्यक्ष,एस के पी सिन्हा सदस्य ,जयदेव सिंह टी के दिक्षित रविन्द्र त्यागी अनिल मित्तल पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र भारद्वाज को संरक्षक एवं वेदराम शर्मा को मेंटर बनाया गया। सभा में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों ने कर्तल ध्वनि से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया। शानदार ब्रंच के उपरान्त सभा की अध्यक्षता कर रहे जनेश्वर प्रसाद त्यागी ने अपने आशीर्वचन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा कर दी।





# तीन दिवसीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद** । सुन्दर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज डासना में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड़/गाजियाबाद के तत्वावधान में तीन दिवसीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायट की उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर उप प्राचार्य श्रीमति ज्योति दीक्षित ने प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि कि यह प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण है, जिसमें विधालय संचालन करने के लिए एक कुशल नेतृत्व की आवश्यकता होती है जिसका नेतृत्व प्रधानाध्यापक करता है।

इसलिए उनकी जिम्मेदारी ओर भी बढ़ जाती है।डायट प्रवक्ता डाक्टर श्रीमति शिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण में रजापुर,लोनी, गाजियाबाद नगर क्षेत्र के





लगभग 100 प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिनको आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण में विद्यालयों में कुशल नेतृत्व का प्रशिक्षण इस आशय से दिया जा रहा कि वह विधालय में बच्चों को अपने कुशल अनुभव से अधिक रूचिपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सके।

डायट प्रवक्ता डाक्टर उदेश कुमार ने बताया कि एक प्रधानाध्यापक को बेहतर शिक्षा के लिए प्रशासनिक,प्रशिक्षक, व सम्पर्क कर्ता के रूप में तीन भूमिका से गुजरना पड़ता है। जिसमे शैक्षिक स्टाफ से आपसी समन्वय/व सुझाव भी जरुरी है। एस.आर.जी देवाकुंर ने भी प्रधानाध्यापको को नेतृत्व प्रशिक्षण के बारे विस्तृत जानकारी दी।उप प्राचार्य सहित डायट की पूरे समय प्रशिक्षण की गतिविधियों पर नजर रखें रही। प्रतिभागी प्रधानाध्यापक श्रीमति इन्दू सिंह, धर्मेश जौहर, लक्ष्मी त्यागी, रविन्द्र पाल, श्रीमति प्रियंका बालियान, विजय लक्ष्मी ,विभा पांडेय, आदि ने भी कुशल नेतृत्व को लेकर अपने विचार व सुझाव दिए।

समूह के रूप में अध्यापकों ने चित्रकला के माध्यम से पठन पाठन क्रिया का जोरदार प्रदर्शन किया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे। यह कोर्स एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आरएस, प्रोफेसर, प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज, चेन्नई, डॉ शिशिर सिंह डीन प्रोफेसर और एचओडी, कंजर्वेटिव डेन्टिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग टेरना डेंटल कॉलेज, नवी मुंबई थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री के सिद्धांतों और प्रथाओं में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को व्याख्यान, इंटरैक्टिव सत्र, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेन्टिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।





# नगर पंचायत दनकौर ने कम्बल व डस्टबीन का किया वितरण,लोगो की मिलेगी ठंड से राहत: चेयरमैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** नगर पंचायत दनकौर कार्यालय प्रांगण में कम्बल वितरण एवं डस्टबीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत की चेयरमैन श्रीमती राजवती ने की। नगर के गरीब व असहाय लोगो को ठण्ड से बचाने के लिये कम्बल वितरण किया गया तथा साथ ही नगर को स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करने एवं गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग निस्तारण करने हेतु डस्टबीन वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया। चेयरमैन श्रीमती राजवती ने बताया कि पूर्ण कस्बे में अग्रिम दिनों में सभी 11 वार्डों में डस्टबिन का वितरण कर दिया जायेगा एवं कस्बे के उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर नगर पंचायत दनकौर के डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में डाले। इस मौके पर में अधिशासी अधिकारी, सभासदगण एवं कर्मचारीगण व नगर के अनेक लोग मौजूद रहे।




# श्री राधानाम संकीर्तन" का आयोजन 19 जनवरी को होंगा: हृदय नारायण खत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद। (आशा चौधरी )।** "श्री बाँके बिहारी संकीर्तन मण्डल" के 23वें स्थापना दिवस और पूज्य सद्गुरूदेव गौलोकवासी पं० श्याम सुन्दर शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर "श्री राधानाम संकीर्तन" का आयोजन किया जाएगा।यह आयोजन 19 जनवरी को शाम 5 बजे से हिन्दी भवन सभागार लोहिया नगर में होगा। इस अवसर पर गौलोकवासी संकीर्तन सम्राट विनोद अग्रवाल के सुपुत्र जत्तिन विनोद अग्रवाल मुंबई से आकर भावपूर्ण रसमयी आनन्दमयी श्री राधा नाम संकीर्तन की अमृत वर्षा करेंगे।

इस आयोजन में सभी धर्मप्रेमी और आसपास के निवासी आमंत्रित हैं। संस्था के अध्यक्ष हृदय नारायण खत्री और अन्य पदाधिकारियों ने सभी से अनुरोध किया है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर श्री राधा नाम रस संकीर्तन का आनंद लें।




# भारतीय मानक ब्यूरो ने 78वें स्थापना दिवस पर किया मानक कार्निवल का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कासना।** भारतीय मानक ब्यूरो की नोएडा शाखा कार्यालय के द्वारा अपने 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर मानक कार्निवल का आयोजन किया गया। यह आयोजन सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया, जिसका शुभारंभ

**गुणवत्तापूर्ण उत्पादों से होता है मानव जीवन का संरक्षण : तेजपाल नागर**

बतौर मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक तेजपाल सिंह नागर ने कहा देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास में भारतीय मानक ब्यूरो एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के बीआईएस केयर एप की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ताओं को अपने फोन मेंशन यह ऐप जरुर इंस्टॉल करना चाहिए। इसके पूर्व उन्होंने औद्योगिक इकाइयों एवं स्कूलों द्वारा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन भी किया। इस कार्निवल में जिला गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, मथुरा तथा आगरा की 25 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया, जो बीआईएस से लाइसेंस लेकर आईएसआई मार्क व सीआरएस मार्क जैसे गुणवत्ता चिन्हों के साथ उत्पादों की बिक्री बाजार में कर रहे हैं। इसके अलावा इन्हीं जिलों से 25 से भी अधिक विद्यालयों के बच्चों ने स्टाल लगाकर अपने साइंस प्रोजेक्ट्स का भी प्रदर्शन किया। इसके अलावा स्कूली छात्रों के मध्य क्वालिटी वॉक, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, रंगोली मेकिंग, नुक्कड़ नाटक एवं क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया। जिनके विजेताओं को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में आईएस 3315 के प्रथम लाइसेंसी नोवामैक्स प्राइवेट लिमिटेड समेत विभिन्न विद्यालयों में गठित मानक क्लबों, उद्योग प्रतिनिधियों, रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स के पदाधिकारी भी विशेष रूप से शामिल हुए। जिन्हें भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर नोएडा शाखा कार्यालय के निदेशक विक्रांत ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों से गुणवत्ता केवल उद्योगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह अब जागरूकता के रूप में समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही है। उन्होंने कार्निवल के मुख्य अतिथि समेत सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्निवल में बीआईएस के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र कुमार रावत, उपनिदेशक हर्षित कुमार जैन, अफसर इमाम, सहायक निदेशक रसुजित चोंगदर, विष्णु दयाल जट, मोहित कुमार, आकाश यादव, अमरदीप जायसवाल, नवदीप सामाजिक विकास संस्था के संयोजक सचिन वर्मा, सतीश कुमार तेवतिया, कवि राजवीर सिंह अकेला, हरेंद्र सिंह, प्रवीण सिसोदिया, संदीप नागर समेत अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





**जागरूकता अभियान** | **युवा वाहनों की तेज गति एवं स्टंट बाजी से बच्चे तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें देवेंद्र कुमार**

# नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद ने आरंभ किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीना 2025 के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद एवं माय भारत गाजियाबाद ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान , काशीराम राजकीय महाविद्यालय नंदग्राम गाजियाबाद में एक संगोष्ठी के रूप में आयोजित किया । यह जागरूकता अभियान 17 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक एक सप्ताह चलाया जाएगा । कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने रिबन काटकर किया ।इस अवसर पर नेहरू केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में बहुत से लोग अपनी जान गवा देते हैं जिससे मानवीय क्षति के साथ साथ मृतकों, घायलों के परिवारों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ भी पड़ता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत के स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या में जन भागीदारीका के माध्यम से युवाओं को सड़क सुरक्षा मानदंडों पर प्रशिक्षित करना तथा यातायात पुलिस के साथ समन्वय करते हुए उन्हें यातायात के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहों पर तैनात करना है ताकि वे पुलिस द्वारा यातायात को व्यवस्थित करने एवं यातायात प्रबंधन का हिस्सा बनने में सक्षम हो सके । इन युवाओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह यहां लिए गए प्रशिक्षण तथा सुझावों को अपने दोस्तों परिचितों एवं रिश्तेदारों में शेयर कर दुर्घटनाओं से बच सके। संतोष कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने युवाओं को बताया की वह यातायात के नियमों का पालन करें तथा रॉन्ग साइड पर अपने वाहन न चलाएं और जो लोग दुपहिया वाहन चलाते हैं वह हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें। युवा इन कार्यों को करने के लिए आगे आएंगे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी । युवा हमारे देश तथा अपने परिवार का भविष्य होते हैं। उन्होंने आगे कहा की सभी युवाओं से निवेदन है कि वह तेज गति से वहां न चलाएं तथा स्टंट बाजी से बचें। इस संगोष्ठी में 25 युवा एवं युवतियों को यातायात नियमों एवं दुर्घटनाओं से बचने जैसे विषय पर प्रशिक्षित किया गया । महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर दीपक राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कुछ युवा हेलमेट तो रखते हैं लेकिन वह सिर्फ पुलिस के बचने के लिए ही इसका प्रयोग करते हैं जबकि वह उन्हें दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक होता है। सभी युवाओं को ट्रैकसूट और टोपी का वितरण किया गया ताकि आज से अगले 6 दिनों के अंदर गाजियाबाद में विभिन्न चौराहा पर इन्हें पहन कर यातायात पुलिस के साथ अपनी सेवा देकर यातायात प्रबंधन की बारीकियां, समस्याएं समझ सकें और यातायात को नियंत्रित करने में पुलिस का सहयोग कर सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा अभियान की की नोडल ऑफिसर स्वाति शर्मा ने भी युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विशाल सिंह अमन सूरज रिहान हर्ष मुकुल शर्मा वैष्णवी शुक्ला वीरेंद्र अंजलि हिमांशु सनी सुमित तथा अनूप आदि युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर दीपक राय ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में तालिब, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




# अपने आप को रिश्तेदार बता कर एक व्यक्ति से ठगे 18 हजार रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** अपने आपको रिश्तेदार बताकर एक शातिर ने एक व्यक्ति से 18 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद में देवेन्द्र कुमार परिवार सहित रहते है। देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मेरे पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को मेरा रिश्तेदार बताया और कहा कि मेरा यूपीआई नहीं चल रहा है। इसलिए मैने आपके खाते में 25 हजार रुपए ट्रांसफर कराए हैं। जिसका उसने स्क्रीन शार्ट भी भेजा। फिर उसने कहा कि आप मुझे बीस हजार रुपए वापस कर दो। इसके बाद देवेन्द्र कुमार ने तीन बार में उसे 18 हजार रुपए भेज दिए। जब देवेन्द्र ने अपना बैंक अकांउट चेक किया तो फजीर्वाडे का पता चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



# ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार दर्दनाक मौत, एक घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** एक ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा साथी घायल हो गया। वही सड़क हादसे की वजह से हाईवे पर अन्य वाहनों की रफ्तार थम गई और देखते ही देखते जाम लगना शुरू हो गया। सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सड़क हादसे की सूचना दी और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग-9 लाखन मसोता कट के समीप गाजियाबाद की ओर एक बाइक पर दो युवक विवेक और नंदराम सवार होकर कही जा रहे थे। बताया जाता है कि दोनों बिजली फिटिंग का कार्य करते थे। लोगोके मुताबिक पीछे से आ रहे एक बेकाबू ट्रक की चपेट में उनकी बाइक आ गई। इस दौरान बाइक चालक विवेक उम्र 16 वर्ष निवासी गोरखपुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका दूसरा साथी मध्यप्रदेश के रहने वाले नंदराम घायल हो गया। सड़क हादसे की सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



थाना प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार विवेक उम्र 16 वर्ष की मौत हो गई है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# मोनू की मौत का मामला उलझा, पीएम रिपोर्ट में अटैक तो परिजनों का आरोप मोनू की हुई थी हत्या,भाकियू टिकेत ने की ईमानदार जांच की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** धौलाना तहसील के गांव डहाना निवासी मोनू उर्फ मुनेंद्र का शव एक पखवाड़े पूर्व सपनावत राजवाहे के निकट पड़ा मिला था । कपूरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा था । पीएम रिपोर्ट के मुताबिक मोनू की मौत का कारण अटैक होना बताया था । वही परिजन तभी से मोनू की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए जांच की मांग करते आ रहे थे । लेकिन हत्या को लेकर पुलिस द्वारा आज तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई । जिसे लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले अपनी बात रखते हुए न्याय की मांग की । जिसमें यूनियन की पंचायत ने पीड़ित परिवार को सुना । पंचायत में यूनियन के मेरठ मंडल महासचिव भवेंद्र राणा ने बताया की पीड़ित परिवार का कहना है कि मोनू 21 दिसंबर 2024 को सपनावत गांव स्थित अंग्रेजी शराब ठेके पर ड्यूटी करने गया था । मोनू रात को घर वापस नहीं आया । परिवार वालों ने उसे पूरी रात फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा तो परिवार वाले मोनू को गांव सहित विभिन्न स्थानों पर ढूंढने निकले थे । पर मोनू का कोई पता नहीं चला । परिजनों ने मोनू के फोन पर सुबह फोन किया तो मोनू का फोन पुलिस द्वारा उठाया गया । और परिवार को घटना की जानकारी दी । तब तक पुलिस ने मोनू के शव को अज्ञात मैं पोस्टमार्टम के लिए हापुड़ भेज दिया था । परिजनों का आरोप है की मोनू के शरीर पर कई जगह चौट के निशान भी थे । बावजूद इसके पुलिस मामले में ईमानदारी से जांच नहीं कर रही । जबकि मोनू की हत्या हुई थी । परिजनों की बात सुनने के उपरांत आयोजित पंचायत ने निर्णय लिया की परिवार का पूरा संदेह है कि मोनू की हत्या की गई है।

**मामले को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा: भवेंद्र राणा**



इसका निर्णय भारतीय किसान यूनियन के चल रहे आंदोलन गढ़ तहसील में लिया जाएगा । पंचायत में मौजूद मुख्य लोगो राजेश शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष, निरंजन शर्मा ग्राम अध्यक्ष नंदपुर, रामकुमार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, मोहम्मद साजिद , भारत राणा , प्रेमपाल सिंह, शीशपाल सिंह, जगदीश सिंह , रतन पाल सिंह, कुशल पाल सिंह, प्रेमवीर सिंह, प्रेम सुंदर सिंह, सुरेश सिंह , प्रदीप सिंह, प्रदीप कुमार, भानु सिंह, राजीव सिसोदिया, विक्रम सिंह, रिंकू राणा, संजय प्रधान, रविंद्र शर्मा , आकाश सिंह , उमेश देवी, ज्योति देवी, कमला देवी, दीपा आदि मौजूद रहे ।

# शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों के बनाये गए आयुष्मान कार्ड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** 70 वर्ष से अधिक नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विकास रत्न शाखा द्वारा शुक्रवार को आयुष्मान कार्ड बनाने का द्वितीय शिविर नगर के चंडी रोड पर स्थित आर्य समाज मंदिर पर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी हापुड़ डॉ0 सुनील त्यागी शामिल हुए। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आज सरकार हर वर्ग के लोगो के लिए काम कर रही है। लोगो को अपना इलाज कराने में कोई परेशानी न हो और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए 70 वर्ष से अधिक नागरिको के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में आये लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। वही कार्यक्रम में सीएमओ सुनील त्यागी ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का आश्वसन दिया और इस योजना के बारे में सभी को बताया।

शिविर मे डॉ. जाहिर व ई.राहुल कुमार द्वारा आज 75 आयुष्मान कार्ड और बनाए गए तथा 105 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।





शिविर के संयोजक कृष्ण कुमार गोयल ने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसके लिए यह द्वितीय शिविर लगाया गया है। शिविर में ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, कृष्ण कुमार गोयल, राजीव गोयल, राधे श्याम गोयल, विद्याभूषण, धनेश अग्रवाल, सुशील मित्तल, सतीश गोयल, लक्ष्मी मित्तल रेखा गोयल, दीपाली मित्तल आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## 15 से 17 वर्ष के लोगों के आधार कार्ड में बायोमैट्रिक अवश्य हो: प्रेरणा शर्मा

# आधार कार्ड अपडेट नहीं होने से योजनाओं के लाभ लेने में लाभार्थियों को आ रही है समस्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आधार कार्ड अपडेट कराए जाने को लेकर समीक्षा बैठक कर अधिकारियों व सीएससी सेन्टर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने जनपद की समस्त सीएससी सेन्टर संचालकों को निर्देशित किया कि सीएससी सेंटर पर आने वाले आधार करेक्शन को जल्द से जल्द अपडेट करना सुनिश्चित करें,जिससे शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने में लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना आए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन छात्र -छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है,उन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट करने हेतु संबंधित को निर्देशित करें।



उन्होंने निर्देश दिए की जिनके आधार कार्ड नहीं बन रहे हैं,वह जन्म प्रमाण पत्र के माध्यम से अपना आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। आधार कार्ड अपडेट ना होने के कारण शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ से वंचित लाभार्थियों के आधार कार्ड अपडेट करना सुनिश्चित करें।


जिलाधिकारी ने कहा कि 15 से 17 वर्ष के सभी लोगों की बायोमेट्रिक अवश्य कराई जाए। जनपद के सभी सीएससी केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि आधार कार्ड करेक्शन एवं अपडेट रेट सूची सभी सेन्टरों पर चस्पा होनी चाहिए।

# हिम्मतपुर में लेनदेन क लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस ने दोनों लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हिम्मतपुर में 16 जनवरी को के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट के मामले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि हिम्मतपुर निवासी नितिन की गांव के ही रहने वाले प्रदीप एवं किशन से ?500 के लेनदेन को लेकर दो दिन पूर्व आपस में कहासुनी हो गई थी। उस समय तो वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इनका मामला शांत कर दिया। लेकिन 16 जनवरी को प्रदीप और किशन ने फिर दोबारा रास्ते में गुजर रहे नितिन के साथ मारपीट शुरू कर दी।नितिन के द्वारा शोर मचाने पर नितिन का तहेरा भाई गौरव बीच बचाव कराने के लिए आया। तो उक्त दोनों लोगों ने उस पर भी लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें गौरव और नितिन घायल हो गए।पीड़ित परिजन घायल अवस्था में गौरव को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित नितिन के द्वारा थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान, गढ़ विधायक से मिली क्षय रोग विभाग की टीम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** शुक्रवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने गढ़ विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया से मिलकर 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर जन सहभागिता में सहयोग की अपील की। डीटीओ ने गढ़ विधायक से अपील कि पब्लिक के साथ मीटिंग के दौरान टीबी के प्रति अवेयरनेस दो शब्द अवश्य कहें। टीबी के जांच और उपचार के संबंध में जन-जन तक जानकारी पहुंचाने में क्षय रोग विभाग की मदद करें। इस मौके पर डीटीओ के साथ जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी भी मौजूद रहे। बता दें कि डीटीओ के नेतृत्व में जिला क्षय रोग विभाग की टीम विधायक हापुड़ विजयपाल आढ़ती और विधायक धौलाना धर्मेश तोमर के सांसद अमरोहा कंवर सिंह तंवर से भी वार्ता इस तरह का निवेदन कर चुकी है। डीटीओ ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को मूल उद्देश्य टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जन सहभागिता बढ़ाना है। जन सहभागिता से टीबी उन्मूलन संभव है।

**अभियान सफल बनाने को नगर पालिका और रोडवेज विभाग से मांगा सहयोग**



डीटीओ ने बताया कि शुक्रवार को गढमुक्तेश्वर नगर पालिका की ईओ मुक्ता सिंह और एआरएम रोडवेज हेमंत मिश्रा से भी कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि ईओ मुक्ता सिंह से नगर पालिका के कूड़ा कलेक्शन वाले वाहनों पर लगे पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए जन- जन को टीबी के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग की ओर से तैयार कराई गई जिंगल्स की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार एआरएम रोडवेज से भी बस अड्डे के पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम पर टीबी की प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराते हुए निवेदन किया गया है कि जन सहभागिता बढ़ाने में क्षय रोग विभाग की मदद करें। डीटीओ ने बताया हापुड़ बस अड्डे से लोगों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की लगातार जानकारी दी जा रही है।

**आयोजन** | **जीवन में सच्चे प्रेम,नि:स्वार्थ भक्ति और त्याग का संदेश देता है: राजीव कृष्ण भारद्वाज**

# आज श्री मंशा देवी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मनसा देवी मंदिर समिति द्वारा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज द्वारा भक्तों ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष के प्रसंग का अमृतमय श्रवण किया।

उन्होंने सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का यह प्रसंग जीवन में सच्चे प्रेम,निःस्वार्थ भक्ति और त्याग का संदेश देता है। कथा में बताया गया कि कैसे सुदामा, जो अत्यंत निर्धन थे,अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र का सम्मान कर यह दिखाया कि भक्ति और प्रेम में धन-दौलत कोई मायने नहीं रखती। यह प्रसंग आज के समाज में सच्ची मित्रता और सेवा भाव का महत्व समझाने के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। कथा में व्यास राजीव कृष्ण भारद्वाज राजा परीक्षित मोक्ष का वर्णन करते हुए बताया कि मृत्यु का स्वागत कैसे शांति और समर्पण के साथ किया जा सकता है। राजा परीक्षित ने मृत्यु के भय से नहीं,बल्कि भक्ति और भगवान में लीन होकर अपने अंतिम समय को सार्थक बनाया। यह प्रसंग जीवन के सत्य को समझने और धर्म का पालन करने की प्रेरणा देता है। भागवत कथा हमें जीवन की उन मूलभूत शिक्षाओं से परिचित कराती है, जो हमें भक्ति,सेवा और प्रेम के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं शुक्रवार को प्रातः काल मूर्ति पूजन व भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया इस दौरान मंदिर प्रांगण को भव्य तरीके से सजाया गया मंदिर को फूल बंगले एवं गुब्बारे एवं मंदिर प्रांगण रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया इस दौरान मंदिर प्रांगण लाइटों से जगमगा रहा था। आज वार्षिक उत्सव के आयोजन आज शनिवार को प्रातः हवन पूणार्हुति, मूर्ति तिलक दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर शिवकुमार मित्तल, महेश तोमर, बिजेंद्र कंसल, रामावतार कंसल, खिलेन्द्र सैनी, मनोज कंसल, राकेश माहेश्वरी, सोनू सैनी, लाला राज किशोर, अजय गर्ग, हनी सैनी, रोहन सैनी, कालीचरन सैनी, सुनील सैनी,रितु मित्तल, दुर्गेश तोमर, कविता कंसल, दीपांशी सैनी,अंजलि सैनी,रीमा गर्ग,पराग कंसल, दीपांशु मित्तल आदि मौजूद रहे।





# श्री चंडी मंदिर प्रबंध समिति चुनाव-2025, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद की पुनः मतगणना कराने की उठाई मांग, प्रत्याशियों ने मुख्य चुनाव अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** श्रीचंडी मंदिर प्रबंध समिति के संपन्न हुए चुनाव के बाद प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद की पुनःमतगणना की मांग को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारी को पत्र सौंपा है।

श्री चंडी मंदिर चुनाव में प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु प्रत्याशियों द्वारा मतगणना में होने के संदर्भ में अंदेशा होते हुए प्रत्याशियों ने चुनाव अधिकारी को पत्र देते हुए सदस्य पद की पुनःमतगणना करने की मांग को लेकर चुनाव अधिकारी विजय कुमार गर्ग को पत्र सौंपा है। इस मौके पर जय भगवान गौतम संजीव गोयल लस्सी वाले विशाल मित्तल मोहित बंसल सारंग दीपक सिंगल कंप्यूटर वाले आदि मौजूद थे।



इस सम्बंध में चुनाव अधिकारी विजय कुमार गर्ग ने बताया कि श्री चंडी मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव व मतगणना निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ संपन्न हुआ है। कुछ प्रत्याशियों ने सदस्य पद की पुनःमतगणना कराने के लिए पत्र सौंपा है। लेकिन सदस्य पद पर चुनाव लडने वाले 30 प्रत्याशी पुनः मतगणना कराने की मांग करेंगे,तभी मतगणना होगी,अन्यथा नहीं होगी।

## सम्पादकीय

# एक और खतरनाक वायरस एचएमपीवी की दस्तक



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वर्ष 2020 में चीन से शुरू होकर कोरोना ने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनिया भर में लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है, और कोरोना की शुरूआत के 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही हैं, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नये वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुर्गो को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है, और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोटेर में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक वायरस ने इन दिनों चीन में दहशत फैला रखी है। इस खतरनाक वायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर रहे हैं, लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोटेर में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशानों में बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर 'सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19) नामक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है, और वहां के अस्पताल निमोनिया और 'व्हाइट लंगइ के मामलों से खासे परेशान हैं। एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल, बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी महासंहारक वायरल प्रकोपों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा होते रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। हालांकि डच शोधकताओं ने 2001 में सबसे पहले सन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर नजर रखे हुए है तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल का कहना है कि बताया गया है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की आशंका है। दिल्ली मेडिकल कार्उसिल के चेयरमैन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढने की अभी आशंका नहीं है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से निकलने वाले स्त्रव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी यह वायरस फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमो वायरस जीनस का हिस्सा है, जो सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमणकाल तीन से पांच दिन होता है। इसके संक्रमण से रोग-प्रतिरोधी क्षमता कमजोर होती है।

# एयरो इंडिया 2025 का पूर्वावलोकन: अपेक्षित आकर्षण

एयर शो ऐसे आयोजन होते हैं, जहां विमानन क्षेत्र के प्रेमी, विमानन उद्योग से जुड़े पेशेवर और आम जनता हवाई प्रदर्शनों को देखने और विमानन प्रौद्योगिकी में हुए आधुनिकतम विकास के बारे में जानने के लिए इकट्ठा होते हैं। ये आयोजन आम तौर पर सार्वजनिक हवाई प्रदर्शनों के साथ व्यापार संबंधी प्रदर्शनियों को जोड़ते हैं। इनमें सैन्य व नागरिक विमानों द्वारा हवाई कलाबाजी (एरोबेटिक परफॉर्मेंस) औरलड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर एवं वाणिज्यिक विमानों के प्रदर्शन, स्थिर प्रदर्शन, व्यापार संबंधी प्रदर्शनियोंतथासंगोष्ठियों कासमावेशहोता है। ये एयर शो नए विमानोंतथा प्रौद्योगिकियों को लॉन्च करने और अंतरराष्ट्रीय विमानन सहयोग को बढ़ावा देने का एक मंच होते हैंप्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयर शो में पेरिस एयर शो, फार्नबोरो इंटरनेशनल एयर शो (यूके), दुबई एयर शो (यूएई), सिंगापुर एयर शो, एमएकेएस एयर शो (रूस) और एयरो इंडिया शामिल हैं।

एयरो इंडिया, जो रक्षा और एयरोस्पेस से जुड़े हितधारकों के लिए वैश्विक स्तर का एक आयोजन है, भारत के बेंगलुरु स्थित येलहंका वायु सेना केन्द्र में आयोजित होने वाला एक द्विवार्षिक एयर शो एवं एयरोस्पेस से जुड़ी प्रदर्शनी मात्र नहीं है। बल्कि यह एक ऐसा मंच है, जोभारतीय रक्षा क्षेत्र में सहयोग एवं निवेश के अवसर प्रदान करते हुए वैश्विक विमानन समुदाय को एकजुट करता है। रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजितयह शो एशिया के सबसे बड़े एयरोस्पेस और रक्षा कार्यक्रमों में से एक है, जो नागरिक और सैन्य,दोनों प्रकार के विमानन का प्रदर्शन करता है। इस आयोजन में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और अंतरराष्ट्रीय एरोबेटिक टीमों के प्रदर्शन, जनता के देखने के लिए स्थिर प्रदर्शन, व्यावसायिक प्रदर्शनियां, संगोष्ठियांव सम्मेलन शामिल होते हैं।

पिछले संस्करणों की सफलताओं को आगे बढ़ाते हुए, एयरो इंडिया 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन बनने को तैयार है। आगामी 10 फरवरी से 14 फरवरी, 2025 तक चलने वाले इस कार्यक्रम ने पहले से ही काफी रुचि जगा दी है। कुल240 से अधिक प्रदर्शकों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। उपयोगी सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करते हुए, इस शो के पहले तीन दिन व्यावसायिक आगंतुकों के लिए समर्पित होंगे, जबकि अंतिम दो दिन जनता के लिए खुले होंगे, जिन्हें एयरोस्पेस और रक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति को देखने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। पूर्वाभास बिल्कुलसाफ है क्योंकि रक्षा रणनीतिक समुदाय और पत्रकार पहले से ही इस शो के दौरान पेश किए जाने वाले नए आकर्षणों पर चर्चा कर रहे हैं।

### एयरो इंडिया 2023 की मुख्य विशेषताएं

एयरो इंडिया 2023' 13 से 17 फरवरी के दौरान आयोजित किया गया था। उस आयोजन का विषय द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीजह्व था। उस कार्यक्रम ने भारत की बढ़ती रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया और मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड पहल को बढ़ावा दिया। कुल 80 देशों की 800 से अधिक रक्षा कंपनियों (प्रदर्शकों, व्यवसायों, निवेशकों, स्टार्ट-अप और एमएसएमई) ने भाग लिया, जिनमें एयरबस, बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसे प्रमुख वैश्विक कंपनियां शामिल थीं। इस कार्यक्रम में सात लाख से अधिक पर्यटक आये। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थेः-

कुल 800 से अधिक कंपनियों( 700 भारतीय और लगभग 110 विदेशी कंपनियों) ने भाग लिया। प्रमुख प्रदर्शकों में एयरबस, बोइंग, डसॉल्ट एविएशन, लॉकहीड मार्टिन, इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, आर्मी एविएशन, एचसी रोबोटिक्स, एसएएबी, सफरान, रोल्स रॉयस, लार्सन एंड टुब्रो, भारत फोर्ज लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), और बीईएमएल लिमिटेडशामिल थे। ड्ट कुल 32 देशों के रक्षा मंत्रियों, 29 देशों के वायुसेना प्रमुखों तथा वैश्विक एवं भारतीय मूल के उपकरण निमार्ताओं के 73 मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने इस कार्यक्रम का दौरा किया और इसमें भाग लिया। ड्ट कुल 75,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 250 से अधिकसमझौता ज्ञापन (एमओयू)/साझेदारी को अंतिम रूप दिया गया। प्रथमआईडेक्सइन्वेस्टर हब (आईआईएच) में लगभग 200 करोड़ रुपये का वादा किया गया। भारत का जोर आत्मनिर्भरता और मेकिंग इन इंडिया पर था। इरादा निर्यात बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों एवं सह-उत्पादन को प्रोत्साहित करने, प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करने और भारत को विनिर्माण केन्द्र के एक सस्ते एवंबेहतर विकल्प के रूप में पेश करने का था। ड्ट इस आयोजन का उद्देश्य घरेलू एमएसएमई और स्टार्ट-अप को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत करना और सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए साझेदारी सहित विदेशी निवेश को आकर्षित करना था।



एयर मार्शल अनिल खोसला (रिटायर्ड)
पीवीएसएम एवीएसएम वीएम
भारतीय वायु सेना के पूर्व उप-वायुसेना प्रमुख

इस आयोजन का उद्देश्य लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए)-तेजस, एचटीटी-40 ट्रेनर, डोर्नियर लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) जैसे स्वदेशी हवाई प्लेटफार्मों के निर्यात को बढ़ावा देना था। ड्ट रूस की उपस्थिति न्यूनतम थी, संभवतः रूस-यूक्रेन युद्ध में उनकी व्यस्तता के कारण। दूसरी ओर, संयुक्त राज्य अमेरिका एफ-35, एफ-16/एफ-21, एफ-18 और बी-कबमवर्षकों सहितकई विमानों के साथ इसमें शामिल हुआ।

### एयरो इंडिया 2025ः अपेक्षित आकर्षण

घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने काएक मंच प्रदान करते हुए, इस एयर शो में नागरिक, सैन्य और अंतरिक्ष विमानन के क्षेत्र में आधुनिकतम प्रगति को दशार्या जाएगा। इसके मुख्य आकर्षणों में शानदार हवाई कलाबाजी (एरोबेटिक परफॉर्मेंस), अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियां और सबद्ध उद्योग द्वारा प्रस्तुतियां शामिल होंगी। प्रदर्शनी मंडप रक्षा नवाचार में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करेंगे। यह आयोजन एयरोस्पेस व रक्षा क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों के लिए पर्याप्त नेटवर्किंग के अवसर और व्यवसाय के विकास हेतु उपयुक्त मंच प्रदान करेगा।

आत्मनिर्भरता और एयरो इंडियाः एयरो इंडिया अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को दशार्ता है और यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल को आगे बढ़ाने में इस आयोजन की एक अहम भूमिका है औरइसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता को कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। रक्षा उत्पादन में भारत की बढ़ती ताकत को उजागर करके, एयरो इंडिया बढ़ती आत्मनिर्भरता के लिए गर्व और समर्थन की भावना पैदा करता है।

स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शनः भारतीय रक्षा निमार्ता (डीपीएसयू और निजी क्षेत्र) घरेलू प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्नत रक्षा उपकरणों के डिजाइन और निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करने की दृष्टि से यह अहम है।

सहयोग और साझेदारीः एयरो इंडिया राष्ट्रीय स्तर का एक कार्यक्रम है और यह रक्षा संबंधी सहयोग का एक वैश्विक मंच है। यह वह जगह है जहां वैश्विक समुदाय की भावना को बढ़ावा देते हुए भारतीय कंपनियां शीर्ष अंतरराष्ट्रीय रक्षा कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाती हैं। एयरो इंडिया स्थानीय स्तर पर अधिक रक्षा उपकरण बनाने के भारत के लक्ष्य का समर्थन करते हुए, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है। लॉकहीड मार्टिन, बोइंग और डसॉल्ट एविएशन जैसे शीर्ष वैश्विक कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम ह्यमेक इन इंडियाह्व पहल के अनुरूप भारत में मैन्यूफैक्चरिंगसे जुड़ी सुविधाएं स्थापित करने में मदद करते हैं। इससे आयात पर भारत की निर्भरता कम हो जाती है और स्थानीय स्तर पर विमान, कलपुर्जोंएवं एवियोनिक्स के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। इस प्रकार, एयरोस्पेस और रक्षा के क्षेत्रों में हमारी वैश्विक स्थिति मजबूत होती है।

नवाचार और अनुसंधान : एयरो इंडिया स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के मामले में भारत के निवेश को भी दर्शाएगा। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में भारत की उस तकनीकी प्रगति को रेखांकित करेगा जो मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) से लेकर उन्नत रडार प्रणाली और मिसाइल प्रौद्योगिकी तक के मामले में राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का समर्थन करती है। स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के डिजाइन और उत्पादन पर भारतीय कंपनियों के बढ़ते फोकस को प्रदर्शित किया जाएगा ।निर्यात के अवसर :आत्मनिर्भरता का समर्थन करते हुएतथा वैश्विक रक्षा बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए,भारत रक्षा प्रौद्योगिकियों का निर्यात करनेका इरादा रखता है। एयरो इंडिया तेजस लड़ाकू विमानऔर उन्नत हेलीकॉप्टर जैसे भारतीय निर्मित रक्षा उत्पादों की निर्यात क्षमता को रेखांकित करेगा। एयरो इंडिया में विदेशी विमानन कंपनियों की भागीदारी :अपने पिछले संस्करणों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को आगे जारी रखतेहुए, एयरो इंडिया 2025 में विदेशी विमानन कंपनियों की व्यापक भागीदारी की उम्मीद है। बोइंग, डसॉल्ट एविएशन, लॉकहीड मार्टिन और एयरबस जैसे प्रमुख वैश्विक रक्षा निमार्ताओं के दोबारा आने और उनके द्वारा एफ-16, एफ-18 एवं राफेल जैसे उन्नत लड़ाकू जेट को प्रदर्शित किए जाने की उम्मीद है। ये कंपनियां भारत सरकार के साथ अरबों डॉलर के रक्षा अनुबंधों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिससे एयरो इंडिया बातचीत का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इसके अलावाअमेरिका, फ्रांस, इजराइल, रूस और यूरोप के अन्य देशों से विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के भी आने की उम्मीद है। ये कंपनियां उन्नत लड़ाकू जेट व ड्रोन से लेकर अत्याधुनिक एवियोनिक्स एवं रक्षा प्रणालियों सहित विभिन्न प्रकार की एयरोस्पेस संबंधी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगी। एयरो इंडिया 2025 में रूस की उपस्थिति : एयरो इंडिया 2023 में रूस की उपस्थिति न्यूनतम थी। हालांकि, हाल के दिनों में रूस नए उत्साह के साथ अपने रक्षा उपकरणों की बिक्री को आगे बढ़ा रहा है। एयरो इंडिया 2025 में रूस की मजबूत उपस्थिति होने की उम्मीद है। रूस का लक्ष्य भारत-रूस रक्षा संबंधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना और संभावित रूप से उन्नत एयरोस्पेस प्रणाली से जुड़े भावी सहयोग या प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में रुचि जगाना होगा। इसके अलावा,ऐसी अटकलें हैं कि रूस अपने एसयू-57ईपांचवीं पीढ़ी के टोही लड़ाकू जेट (स्टील्थ फाइटर जेट) का प्रदर्शन कर सकता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) : एयरो इंडिया 2025 के दौरान, डीआरडीओ द्वारा रक्षा प्रौद्योगिकी में अपनी नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन करने की उम्मीद है। डीआरडीओ यूएवी (मानवरहित हवाई वाहन), आकाश-एनजी एवंअस्त्र जैसी मिसाइल प्रणालियों और भारत की हाइपरसोनिक एवं अंतरिक्ष-रक्षा पहल का समर्थन करने वाली अत्याधुनिक तकनीकों में अपनी नवीनतम प्रगति को पेश कर सकता है। यह प्रदर्शनी हाइपरसोनिक हथियार, टोही (स्टील्थ) प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित रक्षा प्रणालियों जैसी भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकियों पर भी ध्यान केन्द्रित करेगी। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ का सहयोग भी एक प्रमुख विषय होगा।एयरो इंडिया में भारतीय रक्षा पीएसयू की भागीदारी : एयरो इंडिया 2025 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) तथा अन्य कंपनियों सहित भारत के रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की मजबूत भागीदारी होगी। ये सार्वजनिक उपक्रम सरकार की ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व पहल का समर्थन करते हुए स्वदेशी एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकियों में अपनी नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन करेंगे। एचएएल, विशेष रूप से, तेजस हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर प्लेटफार्मों के लिए निर्यात अवसरों को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। बीईएल की ओर से उन्नत रडार प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण और संचार प्रौद्योगिकियों की उम्मीद है। यह एआई-संचालित रक्षा संबंधी उपायों और स्मार्ट युद्धक्षेत्र प्रबंधन प्रणालियों पर भी प्रकाश डाल सकता है। बीडीएल द्वारा संभवतः स्वदेशी सतह से हवा में मार करने वाली और टैंक रोधी निर्देशित मिसाइलों सहित मिसाइल प्रणालियांप्रदर्शित की जायेगी। मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर बढ़ते फोकस को देखते हुए, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स जैसी कंपनियां नौसेना से जुड़े प्लेटफार्मों को बढ़ावा दे सकती हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)तेजस हल्केलड़ाकूविमान और लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) जैसे मेड इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने वाला प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# शुजाअतों के सब्र की मैराज है शख्सियत ए अली (अ०)



कमर अब्बास सिरसीवी

इस्लाम की तारीख के सुनहरे पन्नों को लहुलुहान होने से बचाने वाली शख्सियत का नाम है अली इब्ने अबीतालिब (अ०) जिनके यौमे विलादत, 13 रजब को अली डे यानी अली जयंती के उनवान से याद किया जाता है।

अपनी मजहबी हैसियत से हटकर, दुनिया के तमाम मजाहिब के दानिश्वरों को अपने इल्म, हिकमत, अदालत और जाती अमल से मुतास्सिर करने वाले हजरत अली की हैसियत को समझने के लिए इतना ही काफी है कि उनके एक खत को यूनाईटेड नेशन्स ने अपने चार्टर में हुकूमत के आलातरीन उसूलों के तौर पर शामिल किया है। समाजवाद और साम्यवाद के तौर पर मशहूर हुकूमती इंतजामों की अस्ल, निजाम ए अली में अपनी मुकम्मल खुसुसियात के साथ बहुत पहले से मौजूद रहीं है जहां हर शख़्स को अपने मजहब के उसूलों के मुताबिक इंसाफ मिलने के साथ साथ आम इंसानी हुकूक की मुकम्मल गारंटी थी। जहां हुक्मरान को सिर्फ निजाम बनाए रखने का हक था और अपने खर्च के लिए खुद इंतजाम करना होता था। जहां गैर मजहब के आम आदमी को भी निजाम के ज़िम्मेदार के खिलाफ अदालत में मुकदमों की खुली छूट थी। जहां चापलूसों के लिए कोई ईनाम नहीं बल्कि सजा का उसूल था।

तमाम मजाहिब के फिरकों में, रुहानियत और इलाहियत से दूर जाती इंसानी ज़िन्दगी ने आला किरदार शख्सियात से जुड़े दिनों को अक्सर सजावट, आतिशबाजी, मिठाईयों और सुर-ताल तक महदूद कर दिया है जिसका असर अली डे पर भी नजर आ रहा है। हजरत अली अ० की ज़िन्दगी की पैरवी करने के शौक को बढ़ाने के मकसद से बयान किए जाने वाले आपके जाती आमाल का ज़िक्र कम कर दिया गया है जबकि आपकी करामातों और मोजिजात के ज़िक्र को जायज हद से बढ़ावा देकर मुआशरे के कम इल्म और जज्बाती हिस्से को आपकी शख्सियत की परस्तिश पर आमादा किया जा रहा है जो खुद आपकी तालीमात के खिलाफ हैं।

आप अपने दौर में ऐसे अफराद को खुलेआम सजा दे चुके हैं। ताकत और हैसियत रखने के बावजूद मुआशरे में अमन और सुकून बनाए रखने के लिए आपने ऐसे सब्र का मुजाहरा किया था कि खुद पर और अपने अहले खाना पर हुएं जुल्मों से खामोशी से दरगुजर कर गए लेकिन आपको मानने का दावा करने वाले अफराद ताकत और तादाद की बुनियाद पर दूसरों पर जुल्म करने पर आमादा हैं और अपने से बड़े जालिम के सामने फौरन सर झुका लेते हैं।

ऐसे हालात को सुधारने के लिए जरूरी है कि हम हजरत अली (अ०) की तालीमात और जाती आमाल को ना सिर्फ खुद पढ़ें और अपनी ज़िन्दगी में अपनाएं बल्कि अपने अमल से दूसरों तक उन बेहतरीन उसूलों को पहुंचाएं ताकि दुनिया को इस्लाम के अस्ल पुरसुकून और इंसानियत परस्त उसूलों से आगाह कराया जाता रहे।

## शनिवार का राशिफल

मेष — कार्य में मन लगाए,दृढ़ इच्छाशक्ति रखें, परीक्षा के नोट्स बनायेगे,क्लेश से दूरी बनाये, माँ पर झुंझलाहट ना उतारे। भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ — व्यक्तित्व लाईम-लाईट में आयेगा, मीडिया अटेंशन मिलेगा,ब्रांड प्रोमोशन, लेदर, रेडीमेड गारमेंट, मदिरा व्यवसाय उत्तम चलेगा, विवाह बड़ी उम्र की महिला से तय हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-82

मिथुन — अध्यापक है तो ट्यूशन बढ़ जाएंगे, पैसा जाएगा लेकिन उधार कम होगा, कमीशन कार्य से लाभ होगा, लोग भरोसा करेंगे,जीवन साथी अच्छी सलाह देगा। भाग्य प्रतिशत-78

कर्क — अपना कार्य ठीक से करें सीनियर से सुनना पड़ सकता है, गलती कहा कर रहे है आकलन करे, शिक्षा में लापरवाही कर सकते है, घर में नया बदलाव करवा सकते है। भाग्य प्रतिशत-54

सिंह — नदी में स्नान, समुद्र, विदेश यात्रा दिखती है, पैरों में तकलीफ सम्भव है, व्यवसायिक रणनीति बनेगी जिससे आमदनी बढ़े,जीवन साथी को उपहार दे सकते है। भाग्य प्रतिशत-79

कन्या — करियर में उन्नति मिलेगी, सपने पूरे करना चाहेंगे,जीवन स्तर सुधारने हेतु खर्चे बढ़ा सकते है, शुगर,मूत्राशय रोग हो तो ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-76

तुला — जीवन साथी के साथ कही खुशी के पल बिताएंगे, मनचाहा घर बनकर तैयार हो जाएगा, बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा, कम्पनी में विरोध के बाद भी आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-82

वृश्चिक — यात्रा में परेशानी सम्भव है, पिता को चिंता बढ़ेगी, विवाह के लिए दिखाने की रस्म हो सकती है, किसी मित्र से धन मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-57

धनु — कोई केस चिंता का कारण बनेगा, लीवर, गैस रोग से परेशानी सम्भव है, प्रेम सम्भव में विवाह कब करें बातचीत करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

मकर — धन खर्चा बढ़ेगा लेकिन कहीं से आर्थिक लाभ भी मिलेगा, ससुराल पक्ष के लोग ज्यादा हावी हो सकते है। भाग्य प्रतिशत-62

कुंभ — काम और कोई पारिवारिक जिम्मेदारी को मुश्किल से सम्भाल पायेंगे, रोग ठीक होने में समय लेगा, करियर में मित्र या संबंधों की मदद मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-53

मीन — उच्च शिक्षा के दौरान प्रेम प्रसंग चल रहा है तो उसमे अधिक ध्यान रहेगा, बैंकिंग सेक्टर में नौकरी करें तो उत्तम रहेगा, जीवन में यू- टर्न लेना पड़ेगा मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# लोग अपनी समस्याएं भूल भावनाओं में बह जाएं?



जुनैद मलिक अत्तारी

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। अपने घर से सुबह निकलकर अरविंद केजरीवाल सबसे पहले वाल्मीकि मंदिर गए और उसके बाद हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां से पार्टी कार्यालय पहुंचे और भारी भीड़ के साथ पदयात्रा करते हुए नामांकन करने पहुंचे। इस दौरान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं।नामांकन के बाद पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों से अपील है कि काम के नाम पर वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है, दूसरी तरफ गालियां देने वाली पार्टी है। गालियां देने से फायदा नहीं होता, तरक्की नहीं होती है। हम मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी सिर्फ गालियां देती है। उनके पास न सीएम फेस है, न विजन है और न नैरेटिव है। अगले पांच साल क्या करेंगे, ये भी उनके पास जवाब नहीं है।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए भी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, आज नई दिल्ली से अपना नामांकन दाखिल किया। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया, उसने मुझे पूरी लगन और सेवाभाव से काम करने की शक्ति और प्रेरणा दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी।उनके पोस्ट पर आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने भी लिखा, सच्चाई और ईमानदारी के प्रतीक अरविंद केजरीवाल को ढेरों शुभकामनाएं। देश की राजनीति में अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी की एक नई मिसाल कायम की है। ?मुझे विश्वास है कि नई दिल्ली की जनता इस बार भी आप पर अपना भरोसा कायम रखेगी और आपको ?फिर से दिल्ली की सेवा का मौका देगी।आकड़ों के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान 5 फरवरी को सिंगल फेज में होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर को मिलाकर कुल 1.55 करोड़ मतदाता दिल्ली चुनाव में अपने बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजे का ऐलान 8 फरवरी को होगा। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप, बीजेपी और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।प्रिय पाठकों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चुनाव प्रचार चरम सीमा पर पहुंच गया है, अगर चुनाव अभियान और टेलीविजन की बहसों से फैसला करें, तो लगेगा कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थी ही राष्ट्रीय राजधानी की सबसे बड़ी समस्याएं हैं। खतरनाक वायु प्रदूषण और पेयजल संकट की गिनती इसमें नहीं होती। सत्ताधारी पार्टी के कामकाज की तो चर्चा ही




नहीं हो रही, हालांकि किसी भी चुनाव में इसकी सबसे ज्यादा उम्मीद करनी चाहिए।आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही इन अवैध लोगों के नामों को मतदाता सूची में डालने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हैं। बेशक मतदाता सूची संदेह के घेरे से बाहर नहीं है लेकिन इसका कारण रोहिंग्या को मतदाता सूची में शामिल करना नहीं है जैसा कि समझाया जा रहा है।दिल्ली के लेफ्निेंट गवर्नर वीके सक्सेना ने पिछले महीने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चलाने को कहा था। दो हफ्ते की कसरत के बाद पुलिस सिर्फ 170 ऐसे लोगों को शक के दायरे में ले पाई। इनमें से भी तीन दर्जन से कम लोगों को पकड़ा गया जिनमें सिर्फ आठ को वापस बांग्लादेश भेजने की तैयारी चल रही है। ऐसा ही एक अभियान साल 2022 में चला था। तब सिर्फ एक हजार अवैध बांग्लादेशियों का पता चला था।दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों की संख्या 1,100 के आस-पास बताई जाती है। दिल्ली के चार इलाकों में रह रहे रोहिंग्या के पास तो आमतौर पर वोट देने का अधिकार भी नहीं है। इनमें से कुछ अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मतदाता सूची में अपना नाम डलवाने में कामयाब भी हो गए, तो भी दिल्ली की 3.3 करोड़ आबादी में यह संख्या बहुत सूक्ष्म ही रहेगी जो किसी भी तरह से चुनाव के नतीजों को प्रभावित नहीं कर सकती। लेकिन दिल्ली के चुनावी विमर्श सुनने पर ऐसा लगता है कि चुनाव का रुख इस बार यही दोनों समूह तय करेंगे।प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, जल संकट, कूड़ा प्रबंधन जैसी समस्याओं को ताक पर रखकर हवा में सिर्फ कट्टर ईमानदार बनाम कट्टर बेईमान या शीश महल बनाम राजमहल जैसी बातें ही गूंज रही हैं। यही बताया जा रहा है कि कौन महाभ्रष्टाचारी है और कहां भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन गई है। मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश किसने दिया? पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना अचानक कहां से आ गई? मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना जैसी रेवड़ियां क्यों बंट रही हैं। इन सबका इस्तेमाल जनता का ध्यान हटाने के हथियार के तौर पर हो रहा है। चुनाव का ऐसा सनसनीखेज नैरेटिव बनाया जा रहा है कि लोग अपनी समस्याएं भूल भावना में बह जाएं।यह सब उस समय हो रहा है जब दिल्ली की आबादी भयानक प्रदूषण से जूझ रही है। सर्दियों के मौसम में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडैक्स सुरक्षित स्तर से 12 गुना तक बढ़ जाना आम बात है। कैंसर का कारण बनने वाले कण तो दिल्ली की हवा में हर समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताए गए स्तर से काफी ज्यादा होते हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि इस खराब हवा ने दिल्ली के 22 लाख से ज्यादा बच्चों को ऐसी स्वास्थ्य समस्याएं दे दी हैं जो हमेशा उनके साथ रहेंगी। पिछले साल यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो ने एक शोध में अनुमान लगाया था कि प्रदूषण के कारण दिल्ली के लोगों की उम्र 11.9 साल कम हो गई है। दो साल पहले अमेरिकी संस्था हैल्थ एफैक्ट इंस्टीट्यूट ने पूरी दुनिया के सात हजार शहरों का सर्वे करने के बाद प्रदूषण के मामले में दिल्ली को दुनिया का पहले नंबर का शहर घोषित किया था।साल 2001 में शीला दीक्षित सरकार के समय दिल्ली में एक कोशिश हुई थी। बहुत महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरी दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पेट्रोल डीजल के बजाय सीएनजी पर आधारित कर दिया गया था। इससे दिल्ली की हवा में सल्फर डाईआक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड का स्तर काफी कम हो गया था। दो दशक बाद अब दिल्ली कहीं ज्यादा प्रदूषण की गिरफ्त में है।दिल्ली सरकार कह रही है कि ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की सारी बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदल देगी। लेकिन दिल्ली के प्रदूषणकारी वाहनों में डीटीसी की बसों की हिस्सेदारी बहुत कम है। चुनाव के पूरे विमर्श में न दिल्ली सरकार और न केन्द्र सरकार, प्रदूषण कम करने का कोई ठोस कार्यक्रम नहीं रख रही।

# डीडीओ एवं पीडी संरक्षक एवं बीडीओ चण्डौस राहुल कुमार बने अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या की अध्यक्षता में जिला विकास कार्यालय में प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों की नई कार्यकारिणी गठित किए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलास्तर पर सर्व सम्मति से जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य एवं परियोजना निदेशक भाल चन्द त्रिपाठी को संरक्षक नामित किया गया। डीडीओ ने बताया कि समिति में बीडीओ चण्डौस राहुल कुमार को अध्यक्ष, बीडीओ गंगीरी श्रीमती स्मृति अवस्थी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बीडीओ खैर विजय कुमार तिवारी को महामंत्री, बीडीओ अतरौली वेदप्रकाश को कोषाध्यक्ष, बीडीओ इगलास दीपक कुमार को मीडिया प्रभारी एवं बीडीओ धनीपुर अवधेश कुमार मिश्रा को ऑडिटर नामित किया गया है।



# एएमयू सेवानिवृत प्रो.अब्दुल कय्यूम सिद्दीकी का निधन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि (एएमयू) के जूलॉजी विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्रों ने विभाग के पूर्व प्रो अब्दुल कय्यूम सिद्दीकी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रोफेसर सिद्दीकी का गत 13 जनवरी 2025 को निधन हो गया था।शोक सभा में प्रो सिद्दीकी व उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते प्रो. कुदसिया तहसीन ने कहा कि प्रो सिद्दीकी के निधन से जो शून्य पैदा हुआ है उसकी भरपाई मुश्किल है। प्रो सिद्दीकी एक आदर्श और अनुशासित शिक्षक, एक उच्चकोटि शोधकर्ता और एक महान मार्गदर्शक थे। उन्होंने अपने मार्गदर्शन और सहयोग से अनेक छात्रों के कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।15 जून 1937 को उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले के बानेथू में जन्मे प्रो. सिद्दीकी ने एएमयू से एम.एससी., पीएचडी और डी.एससी. की डिग्री प्राप्त की और 1964 में वे जूलॉजी विभाग में लेक्चरर नियुक्त हुए। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्म भूषण डॉ. जहूर कासिम के निर्देशन में अपनी पीएचडी पूरी की। मत्स्य विज्ञान (फिशरीज) के अध्ययन में विशेष योगदान दिया और विभाग में लिम्नोलॉजी, हेमाटोलॉजी और बायोकैमिकल टैक्सोनॉमी जैसे कई नए शोध क्षेत्रों की शुरूआत की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन किया, जिनमें स्वर्गीय प्रो. जमील अहमद खान, स्वर्गीय प्रो. आसिफ अली खान और डॉ. अबसारूल हसनैन शामिल हैं।प्रो. सिद्दीकी बाद में नैरोबी के केन्याटा यूनिवर्सिटी कॉलेज से जुड़ गए, जहां उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ जल निकायों पर अनुसंधान के लिए विभिन्न फंडिंग एजेंसियों से अनुदान प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने सऊदी अरब के अल-अहसा स्थित किंग फैसल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और लाइफ साइंसेज के डीन के रूप में कार्य किया। 1999 के अंत में उन्होंने अमेरिका के इंडियाना राज्य में प्रवास ले लिया।प्रोफेसर सिद्दीकी के परिवार में बेटी सबा हुसैन, दामाद शारिक हुसैन और दो पोते-पोती शामिल हैं। शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई।




# प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 18 जनवरी को घरौनियों का करेंगे डिजिटली वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गयी घरौनियों का 18 जनवरी को अपरान्ह 12:30 बजे डिजीटल वितरण किया जाएगा। जिसका लाइव प्रसारण जनपद स्तर पर कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर समेत समस्त तहसीलों (कोल छोड़कर), ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की अध्यक्षता में कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का लाईव प्रसारण यू-ट्यूब लिंक https://www-youtube-com/live/XCQPp_4PMÛA\si¾vnuo0dFÛq6a_RDkपर भी देखा जा सकता है।

**मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**




उन्होंने समस्त समाचारपत्र संपादकों एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ से अपील की है कि वह घरौनी वितरण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रेस कवरेज करना सुनिश्चित करें।

# विकास भवन मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत विकास भवन में लगा पंजीकरण शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने के लिए विकास भवन परिसर में पंजीकरण शिविर लगाया गया।उपायुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष के कम से कम आठवीं पास एवं कोई भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त युवक-युवतियों को बैंकों के माध्यम से अपना उद्योग अथवा सेवा क्षेत्र की गतिविधि प्रारंभ करने के लिए 05 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऋण में लगने वाले ब्याज की 4 वर्ष तक प्रतिपूर्ति प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी साथ ही 10 प्रतिशत मार्जिन मनी का भुगतान भी प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत CGTMSE कवरेज के लिए लगने वाले शुल्क की प्रतिपूर्ति भी प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी।सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र छत्रपाल सिंह ने बताया कि युवाओं को योजना के तहत पंजीकरण कराने के लिए विकास भवन में 16 जनवरी से शिविर लगाया गया है जोकि आगामी दिनों में भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिले के समस्त युवा वर्ग का आवाहन करते हुए यह अपील की गई की जो भी युवक अथवा युवतियां योजना की पात्रता की श्रेणी में आते हैं वह msme-up-gov-in या diupmsme-upsdc-gov-in पर अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास आधार नंबर, आधार से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर, शिक्षा व तकनीकी शिक्षा के प्रमाण पत्र, पैन कार्ड अनिवार्य रूप से होने चाहिए। योजना से संबंधित परियोजना रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध करा दी जाएगी।




# कुलदीप चंदेल बने समाजवादी पार्टी छात्रसभा के शहर विधानसभा अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी छात्रसभा महानगर अलीगढ़ की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें समाजवादी छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा विनीत कुशवाहा के अनुमोदन से महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती के द्वारा पीली कोठी निवासी कुलदीप चंदेल को समाजवादी छात्रसभा का 76 शहर विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन पत्र सपा महानगर अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी एवं छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती दिया गया सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी ने कहा सब लोग 2027 के चुनाव की तैयारी में लग जाए और पीडीए को मजबूत करे। इस जिम्मेदारी के मिलने पर कुलदीप चंदेल को पार्टी व कार्यकताओं के स्तर से बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है । कुलदीप चंदेल ने कहा समाजवादी पार्टी में ही हर वर्ग का हित सुरक्षित है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी महानगर उपाध्यक्ष सलामुद्दीन अब्बासी छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती छात्र सभा महानगर महासचिव दुर्गेश यादव महानगर उपाध्यक्ष फैजान पठान महानगर उपाध्यक्ष फैजान अली महानगर सचिव आबिद मलिक महानगर सचिव अंकित यादव महानगर सचिव आदिल अब्बासी छात्र नेता इमरान पठान आदि लोग मौजूद रहे।



# पीएम यशस्वी योजना के तहत राजकीय शिक्षण संस्थानों में पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए बनेंगे छात्रावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए पीएम यशस्वी योजना के तहत राजकीय शिक्षण संस्थाओं यथा- मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेजों को प्राथमिकता देते हुये पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई एवं महाविद्यालयों से छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गये है। उन्होंने जिले के समस्त राजकीय शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो व निदेशकों को सूचित किया है कि यदि आपके संस्थान को अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की आवश्यकता है, तो 4 प्रतियों में प्रस्ताव कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, कक्ष संख्या 7 प्रथम तल विकास भवन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने शिक्षण संस्थानों से मांगे प्रस्ताव**

## संक्षिप्त समाचार

### शहर के लाल ने रचा एक नया इतिहास, बिना पैसा खर्च किए, लिफ्ट लेकर किया अलीगढ़ से कश्मीर तक का सफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शहर के लाल ने एक नया इतिहास रच दिया है। विशाल निरंकारी अलीगढ़ के न्यू बुद्ध विहार डोरी नगर के रहने वाले हैं। जो पिछले दो साल से भारत की यात्रा कर रहे हैं वो भी बिना पैसे के। यात्रा 19 मई 2023 को अलीगढ़ से शुरू की थी। यात्रा जेब से बिना कोई पैसा खर्च किए लोगों से लिफ्ट लेकर की जाती है। बकौल विशाल, अपनी यात्रा का पहला सफर अलीगढ़ से कश्मीर तक का किया था। जिसमे में हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, मंसूरी, हरिद्वार होते हुए चंडीगढ़ पठानकोट के रास्ते जम्मू होते हुए श्रीनगर कश्मीर पहुँचा था। इतने सफर में अपनी जेब से एक रुपया भी खर्च नहीं किया था। लोगो से लिफ्ट लेकर ही अलीगढ़ से कश्मीर पहुँचा और रहने के लिए मंदिर और गुरुद्वारा में बिना पैसों के रहा।

### सड़क पार कर डाली गई केबल से हादसे की आशंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**इगलास।** मथुरा रोड पर स्थित हरदेवी शीतगृह से पहले सड़क को पार कर बिजली का कनेक्शन दिए जाने पर हादसे की आशंका जताई गई है। मामले की शिकायत विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक आगरा से की गई है।

गांव बिसावली निवासी अरुण कुमार और अतुल कुमार का कहना है कि मथुरा रोड पर हरदेवी कोल्ड स्टोर से पहले 11 हजार वोल्ट की लाइन की केबल से सड़क पार कर एक उपभोक्ता को कनेक्शन दिया गया है। केबल को सड़क पर दूसरी ओर खड़े पेड़ों पर बांधा गया है। तेज हवा के साथ कभी भी पेड़ गिर सकता है। अथवा केबल कटने पर पेड़ के जरिये करंट फैल सकता है।

### डेंटल कालिज के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में, क्लिनिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम एक फरवरी से आरंभ होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के डॉ. जेड.ए. डेंटल कॉलेज के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग द्वारा तीन महीने के क्लिनिकल ट्रेनिंग 1 फरवरी 2025 से शुरू हो रहा है। प्रो शादाब एम. रिजवी ने बताया कि डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) उत्तीर्ण करने वाले जिन्होंने आवेदन के समय दो साल के भीतर अपनी इंटर्नशिप पूरी कर ली है, वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन का निर्धारित प्रारूप ihttps://www.amu.ac.in/department/oral-and-maxillofacial-surgery/notice-and-circular पर उपलब्ध है और विधिवत भरे हुए फॉर्म को sajjadar1979@gmail.com और chairperson.om@amu.ac.in पर 25 जनवरी तक भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रोग्राम के लिए कुल तीन उम्मीदवारों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के समय निर्धारित फीस जमा करनी होगी। प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन।

### 18 जनवरी को आहुत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** प्रधानमंत्री जी द्वारा 18 जनवरी को स्वामित्व योजना के अंतर्गत देश भर में तैयार किये गये प्रापर्टी कार्ड (घरौनियों) का इलेक्ट्रानिक वितरण नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया जाना है। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भौतिक रूप से भी घरौनी वितरण किया जाना सम्भावित है।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि घरौनी वितरण कार्यक्रम के दृष्टिगत शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त 18 जनवरी माह के तृतीय शनिवार को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# पूर्वदशम, दशमोत्तर एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत समय सारणी जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09-10), दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) शुल्क प्रतिपूर्ति एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जिले के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग जाति के छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गये छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है। उन्होंने जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्राचार्य से अनुरोध किया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के समस्त छात्र-छात्राओं से आवेदनपत्र जमा कराकर परीक्षणोंपरान्त सही पाये जाने पर अपने लॉगिन से तत्काल अग्रसारित करने का कष्ट करें। उन्होंने बताया कि योजना के विस्तृत दिशा निर्देश एवं समय सारणी scholarship-up-gov-in बेबसाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

**जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्राचार्य से अनुरोध किया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के समस्त छात्र-छात्राओं से आवेदनपत्र जमा कराकर परीक्षणोंपरान्त सही पाये जाने पर अपने लॉगिन से तत्काल अग्रसारित करने का कष्ट करें**

# पंचनगरी हरनारायण के सराय मे डेयरी संचालको पर 66000 का भारी जुर्माना, डेयरी संचालकों को जमकर लगाई फटकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में अवैध डेयरी संचालको द्वारा गोबर व गंदगी सड़क व नालियों में बहाने के कारण सफाई व्यवस्था में आ रही बाधा हो देखते हुए शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी राजेश गुप्ता के नेतृत्व में पंचनगरी हरनारायण के सराय में डेयरी संचालकों पर कार्यवाई करते हुए 66000 का जुमार्ना वसूल किया।पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा के साथ नगर निगम इंफोर्समेंट स्वास्थ्य टीम ने जोन 3 अन्तर्गत पंचनगरी हरनारायण के सराय में अवैध डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाई के लिये अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई करते हुए पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी ने नालियों में गोबर बहाने वालो के डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए 66000 का जुर्माना वसूलते हुए डेयरी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए गोबर व गंदगी नाले नालियों में न बहाने की कड़ी हिदायत दी।

**डेयरी संचालकों को नगर आयुक्त की चेतावनी गोबर और गंदगी नाले नालियों में बहाने पर रोजाना होगी जुर्माना और विधिक कार्यवाही**




**आयोजन** इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

# डेन्टल कॉलेज में हुआ इनोवेटिव कॉन्क्लेव कार्यक्रम 2025 का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती डेन्टल कॉलिज एवं अस्पताल के लोक दन्त स्वास्थ्य विभाग एवं मास्टर माइन क्लब द्वारा इनोवेटिव कॉन्क्लेव कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेज. जन. प्रो. डॉ. जी के थपलियाल, सुभारती डेन्टल कॉलिज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।इस इनोवेटिव कॉन्क्लेव में 31 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की ।

इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. लुभान सिंह, डॉ.मुकेश रुहेला, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, डॉ. अरुण बंसल, डॉ. आशिमा, डॉ. सुमिता सिंह, डॉ. प्रभात, डॉ. निशा राणा, डॉ. रूपेश पांडे, डॉ. विनिता निखिल, डॉ. नागराजू, डॉ0 मोनिश रेड्डी, डॉ. विवेक राणा, डॉ. सुहासनी, डॉ. संचित प्रधान आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के उपरान्त विजेताओं को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाणपत्र प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव द्वारा दिए गए।इस कार्यक्रम में प्रथम फैकल्टी पुरस्कार डॉ. सचिन गुप्ता, द्वितीय डॉ. अमित खेडा, पीजी पुरस्कार प्रथम डॉ. नेन्सी, द्वितीय डॉ. सिमरनजीत, यूजी पुरस्कार प्रथम शेयांश, द्वितीय पुष्पराज, तृतीय मरयम आलिया एवं कन्सोलेसन पुरस्कार प्रथम डोलवी द्वितीय, पुष्पराज अवजीत प्रथम शेयांष द्वितीय, पुष्पराज कृष्णनम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. एन.के. साहू, डॉ प्रदीप राघव, डॉ. मयूर, डॉ. विजय वधावन, डॉ. मोहनीश मुछाल, डॉ. सुपूर्णा, इन्टर्न, मनप्रीत, अन्नाया, अर्चिता, रिया, तानिया, संजना, विषु राजश्री, संजना का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा ।



# बेखौफ बिल्डरों पर कार्यवाही करने से बच रहा बीडीए ,बोले अधिकारी पुलिस मामले के सहयोग से होगी कार्यवाही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बरेली (आशू बेग)।** इज्जतनगर क्षेत्र में भू माफियाओं और बिल्डरों द्वारा प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण जारी है। बिना बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) से नक्शा पास कराए लगभग 2000 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण हो रहा है। प्रशासन ने इस पर आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किए और ध्वस्तीकरण के आदेश भी दिए, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। टीम भू माफिया पर कार्यवाही करने से बच रहा है। अभी केवल टीम ने घटना स्थल पर जाकर दिखावे के चालान की कार्यवाही की है।

बताते चलें सैदपुर हॉकिन्स की खुशबू नर्सरी के पास जे के अस्पताल के पीछे दीप्ति अग्रवाल और विकास अग्रवाल द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। बीडीए ने पहली बार 4 मार्च 2023 को नोटिस जारी किया, लेकिन बिल्डर ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद अगस्त 2023 में दो और नोटिस भेजे गए, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जब बीडीए ने ध्वस्तीकरण का अंतिम आदेश दिया, तो बिल्डरों ने प्राधिकरण के खिलाफ कमिश्नरी में मुकदमा दर्ज करा दिया। उसके बाद इस मामले को एक्पोज न्यूज ने उजागर किया। बीडीए के अधिकारियों से बात की तो उस दौरान बीडीए के जेई ने कहा था कि अवैध शरीर निर्माण कार्यों पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन अब अब बरेली विकास प्राधिकरण कार्यवाही करने से बचता नजर आ रहा है।

**बढ़ते हौसले और प्रशासन की चुनौतियां**

यह मामला प्राधिकरण की क्षमता और कार्रवाई पर भी सवाल खड़े करता है। अधिकारियों के अनुसार, अवैध कॉलोनियों और निमार्णों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही चल रही है, लेकिन बिल्डर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

**आखिर क्यों कार्यवाही करने से बच रहा बीडीए**

सारे सबूत होने के बाद भी बीडीए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करने से बच रही है।अब बीडीए ने कार्यवाही के नाम पर पुलिस से सहयोग मांगा है।उसका कहना है कि पुलिस के सहयोग मांगा है।उसके सहयोग के बाद कार्यवाही की जाएगी। विभागों ने थाना इज्जतनगर मेंस पुलिस को पत्र भेज दीजिए कर कार्रवाई में सहयोग दें मांगा है।

# शेर अली जाफरी, बेटे और विजय शर्मा समेत 6 पर गैंगस्टर, संपत्ति सीज करने की तैयारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग)** । खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। सीबीगंज इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने गिरोह बंद के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें जाफरी, उसका बेटा व मुख्य गुर्गा विजय शर्मा समेत गिरोह के छह आरोपी शामिल हैं। सभी आरोपी वर्तमान में जिला कारागार में बंद हैं। ऐसे में पुलिस इन सभी की संपत्तियां भी सीज कर सकती है।

300 से अधिक छात्रों को फर्जी डिग्री बांटने के आरोपी शेर अली जाफरी की तरक्की की रफ्तार काफी तेज रही। चार राज्यों में उसके 11 कॉलेज संचालित हैं। बरेली मंडल के सभी जिलों में उसके कॉलेज हैं। उसने उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान में



भी संस्थान खोल रखी है। यही स्थानीय शिक्षक कमीशन पर छात्रों का एडमिशन कराते थे। दूसरों को डिग्रियां बांटने वाला डॉ. विजय शर्मा खुद मुन्नाभाई है। वह आस्था कंसल्टेंसी के अलावा एचएल कंसल्टेंसी भी चलाता था। इसके जरिये वह बीएड, बीएलएड, बीटीसी और बीपीएड की मान्यता दिलवाने का झांसा देता था।

जाफरी के संपर्क में आने के बाद ने कम समय में करोड़ों रुपये कमाने के लिए सैकड़ों छात्रों को फर्जी मार्कशीट थमा दी। मामला पकड़ में आने के बाद दोनों एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे। छात्रों को रुपये लौटाने का वादा किया था, लेकिन करोड़ों रुपये उड़ाए और निवेश किए जा चुके थे। पुलिस ने शेरअली जाफरी, जाकिर अली, फिरोज अली जाफरी, तारीक अल्वी, विजय शर्मा और विश्वनाथ शर्मा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही सभी की संपत्तियां सीज की जाएंगी।

# शिक्षित भारत सक्षम भारत पर शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित सरोजिनी नायडू प्राथमिक विद्यालय में एन.के.बी.एम.जी. डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का विषय 'शिक्षित भारत सक्षम भारत' रहा। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने मां सरस्वती की वंदन किया। साथ ही स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत एवं एकता गीत का भी वंदन किया गया। शिविर का विषय उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखकर किया गया। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने टोली बनाकर घर घर जाकर शिक्षित भारत सक्षम भारत कैसे बनाया जा सकता है और शिक्षा का इसमें कितना योगदान है के बारे में लोगों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में शिक्षित भारत सक्षम भारत में शिक्षित युवाओं का योगदान विषय पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल एवं डॉ प्रियंका ने अपने विचार प्रस्तुत कर शिक्षित भारत सक्षम भारत में युवाओं का योगदान के बारे में स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया। इसके बाद शिक्षित भारत सक्षम भारत पर सभी स्वयं सेविकाओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

# 05 फरवरी तक ओटीएस योजना का उठा सकते हैं लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन रामबचन गुप्ता ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनहित में 06 नवम्बर 2024 को अथवा उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों पर देय कर पर लागू जुमार्ना (शास्ति) को समाप्त करने हेतु एक मुश्त समाधान योजना(ओटीएस) लागू की गयी है। यह सुविधा 06 नवम्बर 2024 से तीन माह के अन्दर 05 फरवरी 2025 तक लागू है, जिसमें आवेदक परिवहन कार्यालय में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/कराधान अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ 7500 कि0ग्रा0 तक के वाहन हेतु रू0-200/- तथा उससे अधिक भारी वाहन हेतु रू0-500/- शुल्क जमा करना होगा। समस्त बकाया देय कर एक बार में जमा करना होगा। समस्त बकायेदारों के ऐसे प्रकरण भी जो मा0 न्यायालय, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), उप परिवहन आयुक्त(यात्रीकर) के स्तर पर लम्बित है, वे भी आवेदन कर सकते है परन्तु कर जमा कराने के पूर्व उन्हे सम्बन्धित मा0 न्यायालय/अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनुमति लेनी होगी। ऐसे प्रकरण जिनमें वाहन वित्तपोषक द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है या उनके विरूद्ध वसूली प्रमाण पत्र जारी है, वे भी योजना के पात्र है। यह अधिसूचना परिवहन विभाग की वेवसाइट https://uptransport.upsdc.gov.in/en-us पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय बदायूँ में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# भक्ति की कोई उम्र नहीं होती: कथावाचक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास दीदी प्रिया किशोरी भक्त प्रहलाद एवं ध्रुव का वर्णन बड़े सुन्दर ढ़ग से किया जिसकों सुनकर सभी भक्तगण भाव विभोर हो गये। कथा वाचक ने बताया कि भक्ति की कोई आयु, समय सीमा नहीं होती है जब समय मिल जाए तभी भक्तों को भक्ति में लीन हो जाना चाहिए जिस प्रकार से छोटी उम्र में ध्रुव और प्रहलाद ने भक्ति के तेज और प्रताप से आध्यात्मिकता का कीर्तिमान बढ़ाया तथा सत्संग का ध्वज पूरी दुनिया में लहराया ! श्री सनातन धर्म का मान आगे ले जाने का उत्कृष्ट कार्य किया, कथा व्यास दीदी प्रिया किशोरी ने बताया कि एकमात्र भक्ति मार्ग ही सुख सम्पदा और मोक्ष प्राप्ति का साधन है !जैसा कि ग्रंथों ने भी बताया है कि मानव तन मुश्किल से मिलता है

इसीलिए हम सभी को हरि का भजन नित्य प्रति करना चाहिए भक्ति में इतनी ताकत है कि जैसे ही आप हरी नाम का संकीर्तन शुरू करते हैं ,वैसे ही चेहरे की चमक और मन की शुद्धि मैं वृद्धि होने लगती है और हमारे चारों ओर का वातावरण भी भक्ति मय हो जाता है तथा घर आंगन में भक्ति रूपी बगिया खिल खिलखिलाने लगती है मुख्य यजमान कृष्णा औतार गुप्ता रहे। इस दौरान आचार्य राधे ,हरिओम मिश्रा ,ग्रीश शर्मा, ठाकुर हरेंद्र सिंह, रोहित गुप्ता ,कृष्णा गोपाल गुप्ता, कबि माधव मिश्रा , डॉ जय शंकर दुबे जगदीश राणा का विशेष सहयोग रहा।

# जरूरतमंदों और गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अमरोहा ।** अमरोहा के हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रझोहा में आज समाज सेवी एवं भाकियू भानु राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर एनपी सिंह ने सर्दी से बचने के लिए कमल वितरण किए गए साथी अन्य लोगों से भी गरीबों की मदद करने की अपील की। दरअसल आपको बता दें कि शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के गांव रझोहा में रामूबालिया फाउंडेशन के द्वारा गरीब, असहाय लोगों को कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए कमल वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाज सेवी एवं भाकियू भानु राष्ट्रीय महामंत्री ठाकुर एनपी सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार,एसडीएम आभा श्रीवास्तव ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। वहीं समाजसेवी एमपी सिंह ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में हर धर्म और समुदाय की जरूरतमंद को कंबल दिया गया। जिन्हें वास्तव में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि हमारे भाकियू भानु संगठन के द्वारा निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों की मदद की जाती है धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। वहीं अन्य दिनों में बच्चों के लिए पाठ सामग्री का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में भाकियू भानु राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम चौहान, भाकियू भानु जिला उपाध्यक्ष आनंगपाल चौहान, भाकियू भानु राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप, चमन सिंह पूर्व प्रधान, बबलू पूर्व प्रधान, अंकित चौहान, कमलजीत चौहान, राजेन्द्र सिंह सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्वालियर में जलवा दिखाएंगे चंदौसी के दिव्यांग पंजा कुश्ती खिलाड़ी रिंकू और अवधेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के शक्ति नगर कालोनी के रहने वाले दिव्यांग खिलाड़ी रिंकू शर्मा और अशोक नगर निवासी दिव्यांग खिलाड़ी अवधेश

> **चैंपियनशिप ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेई अंतराष्ट्रीय पैरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 18 और 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी**



कुमार शर्मा का चयन उत्तर प्रदेश पैरा आर्म रेसलिंग टीम में होने पर दोनो खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए वंश गोपाल वेलफेयर फाउंडेशन और जिला ओलंपिक संघ द्वारा अंगवस्त्र और खेल किट देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान जिला ओलंपिक संघ आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया की रिंकू शर्मा और अवधेश कुमार पिछले कई महीनो से पंजा कुश्ती खेल का अभ्यास कर रहे थे और 2024 अप्रैल में हुई उत्तर प्रदेश पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था जहां उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और उसके बाद लगातार कई जिला स्तरीय और जोनल स्तरीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर कई पदक हासिल हुए। अब दोनो खिलाड़ियों का चयन नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है अब चंदौसी के दोनो खिलाड़ी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व नेशनल पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में करेंगे खिलाड़ियों के साथ जनपद संभल से कोच व मेंटर के रूप में अजय कुमार मिश्रा और राजेंद्र कुमार शर्मा भी खिलाड़ियों के साथ जायेंगे नेशनल चैंपियनशिप मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई अंतराष्ट्रीय पैरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 18 और 19 जनवरी को आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश की टीम में चयन होने पर रिंकू शर्मा और अवधेश कुमार दोनों ही बहुत खुश है और दोनो खिलाड़ियों को प्रदेश के लिए पदक जीतने की काफी प्रबल उम्मीद है।

# 30 जनवरी तक दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शासन द्वारा जारी की गयी संशोधित समय-सारिणी (तृतीय चरण) के अनुसार शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक एवं छात्र/छात्राओं के स्तर से जो कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है वह यह है कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने सम्बन्धी कार्यवाही की अन्तिम तिथि 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित है। विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि कोऑनलाईन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजीटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन लॉक किए जाने की अन्तिम तिथि22 जनवरी, 2025 तक निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करके फाइनल सब्मिट आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट निकाल कर समस्त अभिलेखों सहित उसकी हार्डकॉपी शिक्षण संस्था में जमा किए जाने की अन्तिम तिथि 30 जनवरी, 2025 निर्धारित है। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन में अंकित समस्त तथ्यों का अभिलेखीय सत्यापन करते हुए, निर्धारित उपस्थिति मानक पूर्ण करने वाले पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित किये जाने तथा अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त किए जाने की अन्तिम तिथि 03 फरवरी, 2025 निर्धारित है।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षक किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल का निरीक्षक किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अग्निशमन यंत्र की मौजूदा स्थिति को बारीकी से परखा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोगों की सुरक्षा से बिल्कुल भी खिलवाड़ नहीं किया जाए।

कुछ माह पहले गोरखपुर के एक मेडिकल कॉलेज में अचानक आग लग जाने के कारण कुछ बच्चों की जान चली गई थी, जिसके बाद जिला प्रशासन और जिले के फायर विभाग ने तमाम अस्पतालों निरीक्षण कर मानक के अनुसार अग्निशमन यंत्र और व्यवस्थाओं को सक्रिय रूप से बनाये रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी दी थी। इसके बाद जिले के तमाम अस्पतालों ने अपने अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली थीं। जिन अस्पतालों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था, जिसके बाद लगभग सभी अस्पतालों ने जिला प्रशासन की सख्ती के चलते अग्नि से जुड़े हुए मानकों को पूरा कर लिया था। इस बार जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने फायर सेफ्टी को लेकर जिला अस्पताल का दौरा कर यह जानने का प्रयास किया कि सारी व्यवस्थाएं ठीक है या नहीं।

फिलहाल इस मामले पर जिला महिला अस्पताल की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, वहीं जिला प्रशासन ने भी जिला महिला अस्पताल में फायर सेफ्टी की व्यवस्थाओं को लेकर कोई प्रतिक्रिया साझा नहीं की है, इससे यह माना जा सकता है कि जिला महिला अस्पताल मे सारी व्यवस्थाएं ठीक-ठाक थीं। नवजात शिशु देखभाल ईकाई में जिलाधिकारी द्वारा सभी व्यस्थाओं को बारीकी से परखा गया। इस दौरान उन्होंने समय से अग्निशमन सिलेंडर रिफिल कराने के निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह, सीएमएस त्रिभुवन प्रसाद समेत विभागीय अफसर मौजूद रहे।

# आठ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को उपखंड अधिकारी प्रथम द्वारा सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया कि 18 जनवरी को विद्युत आपूर्ति प्रात 09 बजे से शाम 5 बजे तक




33/11 ङश उपकेंद्र तहसील पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आर डी एस एस योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके। इसके चलते विद्युत आपूर्ति 11 ङश सीकरी गेट (बाल्मीकि बस्ती, सीकरीगेट) बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

**सम्मान**

## निष्ठा एवं ईमानदारी से किया गया कोई भी कार्य विफल नहीं होता है

# जुबिलेंट में बधाई समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के साइट हेड विनोद झा ने कहा कि निष्ठा एवं ईमानदारी से किया गया कोई भी कार्य विफल नहीं होता है। चाहे पढ़ाई हो या फिर नौकरी अथवा कोई भी कार्यक्षेत्र। मेहनत अवश्य रंग लाती है और उसी के परिणाम स्वरूप सफलता भी प्राप्त होती है। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारने और डटे रहने का आह्वान किया।







दरअसल आपको बता दें कि शुक्रवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटिड के ऑफिसर्स क्लब में आयोजित अभिनंदन समारोह में कंपनी के अध्यक्षों के वार्षिक पुरस्कार के लिए चयनित कर्मियों के साथ ही जुबिलेंटकर्मियों के होनहार बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मैन्यूफैक्चरिंग हेड अमित जोशी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य के साथ ही मेहनती, ईमानदार और दृढ़संकल्पी होना भी बेहद जरूरी है। जब तक हम किसी भी कार्य को पूरी तन्मयता से नहीं करेंगे, सफलता मिलनी काफी मुश्किल है। इसलिए कार्य के प्रति अपनी लगन को खत्म न होने दें। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जेबीएफ फाउंडेशन के मेडिकल हेड डा.सुजिंदर फोगाट, सीएसआर के कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, कपिल जोशी, अजय कुमार सिन्हा, मो. खुर्शीद कंवर, सतेंद्र सिंह आदि को सम्मानित किया गया। इनके अलावा हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले जुबिलेंट कर्मियों के बच्चों हर्षिता चौहान, वंश चौधरी, मयंक सिंह, एशनी गुप्ता, जयदीप त्रिपाठी आदि को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एचआर हेड मनोज शर्मा, अर्चना पांडेय, सुनील सिंह, रविंद्र झा, मनीश पांडेय आदि भी मौजूद रहे। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने पुरस्कार पाने वाले कंपनीकर्मियों और छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# फर्जी डॉक्युमेंट्स के सहारे पाकिस्तानी महिला बनी सरकारी टीचर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग)** । फतेहगंज पश्चिमी के माधोपुर प्राथमिक स्कूल में तैनात पाकिस्तानी महिला टीचर शुमायला खान के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि शुमायला खान पाकिस्तानी महिला हैं। जिन्होंने रामपुर से फर्जी दस्तावेजों को तैयार कराकर यहां पर नौकरी हासिल की। वह पिछले नौ सालों से नौकरी कर रही थी। फिलहाल उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।




शुमायला खान पाकिस्तान की रहने वाली हैं। पिछले करीब नौ साल से सरकारी शिक्षिका के पद पर नौकरी कर रही थी। उनकी 6 नवंबर 2015 को नियुक्ति हुई थी। उसने रामपुर से फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाया था। जिसके बाद उसका चयन हुआ और वह उसे फतेहगंज पश्चिमी के माधोपुर प्राथमिक स्कूल में तैनाती मिली। वह नौ सालों से मौज की नौकरी करती रहीं। लेकिन इसी बीच किसी ने बरेली जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार से एक गोपनीय शिकायत की। जिसके बाद पूरे प्रकरण की जांच के लिए जांच बैठाई गई। जांच में खुलासा हुआ कि रामपुर सदर एसडीएम ने शुमायला खान का निवास प्रमाण पत्र खारिज कर दिया है। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि थाना फतेहगंज पश्चिमी में आरोपी पाकिस्तानी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने महिला को नौकरी से तत्काल बर्खास्त कर दिया। आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक पाकिस्तानी नागरिक के सरकारी टीचर बनने के बाद जिले में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। साथ ही शिक्षा विभाग पर भी सवाल उठ रहे हैं। विभाग वेतन की वसूली भी कर सकती है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# नेशनल रोबोटिक चैंपियनशिप में सुरेविन स्कूल को किया शिल्पकार अवार्ड से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** दिल्ली स्थित यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित आविष्कर नेशनल रोबोटिक

### चैंपियनशिप में स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जीते कई अवार्ड

चैंपियनशिप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई अवार्ड अपने नाम किये। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित आयोजकों द्वारा स्कूल को शिल्पकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि इस चैंपियनशिप में केन्या देश के अलावा भारत के तमिलनाडु, सिक्किम, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्गों में छात्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया था। जिसमें प्राइमरी स्तर पर सुरेविन स्कूल के जुनैद व याशिका को प्रतिष्ठित स्टार अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं प्राइमरी स्तर के यंगेस्ट बॉय बैंज भी जुनैद को ही प्रदान किया गया। जबकि माध्यमिक स्तर पर स्कूल की आरोही, असमी और अक्षिता रोबो गर्ल्स अवार्ड की हकदार बनीं। और विद्यार्थियों को रोबोटिक शिक्षा में माहिर करने के लिए सुरेविन स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु तथा मेंटर्स आयुषी चौधरी, अश्वनी शर्मा और अनीता राणा को भी शिल्पकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के जरिए अवार्ड हासिल करने पर स्कूल के प्रबंधकों तुषार गुप्ता एवं डॉ शिखा दरबारी ने सभी को बधाई दी है।






# चार पर मारपीट का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के गांव मेंहदीपुर के एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों पर उसके साथ बुरी तरह मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



गांव मेंहदीपुर निवासी सुद्दीन ने पुलिस मे शिकायत देते हुए बताया कि वह बुधवार की सुबह करीब 8 बजे दूध लेने के लिए जा रहा था, तभी रास्ते मे उन्हें गांव के ही फकरु, समसाद, तारिक व हसरु मिले और उन्होंने पीड़ित को देख गाली गलौच शुरू कर दी, जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी डंडो से बुरी तरह मारपीट की। जब शोर की आवाज सुन वहां लोग पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये।

# एमएम डिग्री कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकक ने पुलिस के साथ किया सहभाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दस स्वयंसेवकों के समूह को "छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम" के द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया। इस समूह का नेतृत्व मुकुल शर्मा और शुभम ने किया।



इस कार्यक्रम के तहत सभी स्वयंसेवकों को मोदीनगर पुलिस स्टेशन भेजा गया। जहां उनकी बैठक सहायक निर्देशक कर्णवीर सिंह और आरक्षी विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ हुई। इस बैठक में आगामी तीस दिनों के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई और पुलिस विभाग की चुनौतियों तथा उनकी कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।


राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ अमर सिंह कश्यप और प्राचार्य डॉ दीपक अग्रवाल के मुताबिक इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पुलिस प्रशासन की गहराई से जानकारी प्रदान करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका को समझना और समुदाय के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करेगा।

# साइबर क्राइम पुलिस थाने की टीम द्वारा सेठ मंगलसेन डिग्री कालेज छतारी में छात्र-छात्राओ को साइबर अपराध से बचाव हेतु किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार के निर्देशानुसार साइबरसाइबर क्राइम पुलिस थाने की टीम द्वारा सेठ मंगलसेन डिग्री कालेज छतारी जनपद बुलन्दशहर में छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूक क्राइम पुलिस थाने की टीम द्वारा सेठ मंगलसेन डिग्री कालेज छतारी जनपद बुलन्दशहर में छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूक किया गया तथा बताया गया कि वतार्मान समय में किस-किस तरह के साइबर अपराध प्रचलित है एवं साइबर अपराधी किस तरीके से आम जन-मानस को अपना शिकार बनाते है। इन सभी साइबर अपराधो से बचाव के विषय में विस्तृत जनकारी दी गयी। सभी को बताया गया कि जनपद के सभी थानों पर साइबर हैल्प डेस्क का गठन किया गया है। साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल अपने निकटतम थाने पर जाकर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।





# कानपुर में बलात्कार मामले में बरी हुआ शुद्ध प्लस मालिक का बेटा सुनील खेमका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज यहां शुक्रवार को न्यायालय ने जाने-माने उद्यमी और शुद्ध प्लस पान मसाला के मालिक सुनील खेमका के बेटे आयुष खेमका को बलात्कार के केस से बरी कर दिया। कानपुर कोर्ट ने उसे यह लाभ सबूतों के अभाव में मिला।

घटनाक्रम के मुताबिक 2019 में एक युवती ने आयुष खेमका पर शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाते हुए कल्याणपुर थाने में एफ आई आर दर्ज कराई थी। केस का ट्रायल पूरा होने पर आठ कलियां मामला एडीजे योगेश कुमार की कोर्ट में चल रहा था।

मार्च, 2019 में कल्याणपुर इंदिरा नगर के एक अपार्टमेंट में रहने वाली लड़की द्वारा इस मामले में सुनील के माता-पिता पर भी मारपीट का आरोप लगाया गया था।

इस लड़की द्वारा दर्द कराई गई रिपोर्ट में

### शादी के नाम पर यौन शोषण रेप के आरोपी सुनील खेमका को मिला सबूत के अभाव में बरी होने का मौका

कहा था कि आयुष खेमका ने उसके साथ फेसबुक पर दोस्ती की। इसके बाद हम दोनों के बीच चैट होने लगी। एक दिन आयुष ने मुझसे मिलने को कहा। इसके बाद हम दोनों मिले और फिर कई मुलाकातें हुईं।

लड़की के मुताबिक इस दौरान आयुष ने मुझे शादी के लिए प्रपोज किया। आयुष ने मुझसे कहा कि वह शादी करेगा। इस पर मैं उसके झांसे में आ गई। लड़की ने यह भी आरोप लगाया था कि इसके बाद एक दिन आयुष उसे एक होटल में ले गया था। वहां पर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बनाया था। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई के बाद या मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था जिस परसबूत की अभाव की फसल स्वरूप सुनील खेमका को आज शुक्रवार को बलात्कार के आरोप से बरी कर दिया गया। जिसकी वजह से मामला एक बार फिर चर्चा में है।

# नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर की पहल युवा शक्ति के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता की ओर एक सशक्त कदम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई(केपीसिंह चौहान)।** नेहरू युवा केंद्र, बुलंदशहर के तत्वावधान में एवं यातायात पुलिस बुलंदशहर के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ पुलिस लाइन, बुलंदशहर के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में 25 युवा स्वयंसेवकों को शहर के प्रमुख मार्गों जैसे स्याना अड्डा, भूड़ चौराहा, कला आम चौराहा आदि पर तैनात किया गया। इन स्वयंसेवकों ने न केवल यातायात नियंत्रण में सहयोग किया, बल्कि आम जनता को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व के प्रति जागरूक किया।



कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात रामकरण, जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित और ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय वर्मा उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा युवा पीढ़ी समाज में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत है। सड़क सुरक्षा जागरूकता जैसे अभियानों में उनकी भागीदारी समाज को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी। नेहरू युवा केंद्र युवाओं के साथ मिलकर ऐसी पहल आगे भी करता रहेगा।

क्षेत्राधिकारी यातायात रामकरण ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हर नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। युवाओं का यह उत्साह और योगदान एक बड़ी सामाजिक बदलाव की नींव रखेगा।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय वर्मा ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। यह पहल नागरिकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगी और यातायात पुलिस युवाओं के इस प्रयास में हमेशा साथ खड़ी है।

कार्यक्रम के दौरान पंफलेट वितरण यातायात सुरक्षा कार्यशालाएं जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों के महत्व को समझाया गया।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रदीप चौहान वाल्मीकि का किया भव्य अभिनंदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का प्रदीप चौहान वाल्मीकि को तीसरी बार उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमित तिसावड़ के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के दर्जनों लोगों ने प्रदीप चौहान वाल्मीकि का मोदीनगर आगमन पर फूलमालाओं के साथ भव्य अभिनंदन किया।



राज चौराहे के निकट स्थित एक होटल के सभागार में वरिष्ठ भाजपा नेता अमित तिसावड़ द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने तीसरी बार उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर महासभा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने समाज के कल्याण और उत्थान हेतु सदैव प्रश्नशील रहे हैं। और अपने समाज के प्रति आगे भी निष्ठावान रहेंगे। इस दौरान प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज के बच्चों की शिक्षा हेतु दी जाने वाली छात्रवृत्ति प्राथमिकता के आधार पर देने, ठेका प्रथा बंद कर सफाई कर्मियों को स्थायी करने, समाज को आरक्षण में जल्द से जल्द वगीर्कृत करने, सफाई कर्मी के पद पर सौ प्रतिशत वाल्मीकि समाज को ही नियुक्तियां देने आदि की मांग भी मंच के माध्यम से की। आयोजक अमित तिसावड़ ने प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि को बधाई देते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज के उत्थान और कल्याण हेतु किये जा रहे आपके प्रयासों के लिए समाज आपका आभारी है। और इन प्रयासों में समस्त वाल्मीकि समाज प्रदीप चौहान वाल्मीकि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। स्वागत करने वालों में अमित तिसावड़, देवेंद्र चौधरी, बलवीर सिंह, अमित कराटे, गौरव वाल्मीकि, सुनील चौटाला, बिल्लू सिंह, प्रवीण गहलोत, अंकित कुमार, जितेंद्र वाल्मीकि, जानी वाल्मीकि, शम्मी नारंग, दीपक कर्दम आदि शामिल थे।

# बिजली चोरी की चेकिंग व राजस्व वसूली करने गई बिजली विभाग की टीम के साथ की गई मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बिजली चोरी की चेकिंग व राजस्व की वसूली करने गांव बसंतपुर सैंथली में गई बिजली विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता एवं कर्मचारियों के साथ अभद्रता व मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। गांव असालतनगर स्थित बिजली सब स्टेशन के अवर अभियंता अमल कुमार सिन्हा गांव बसंतपुर सैंथली में अपनी टीम के साथ बिजली चोरी की चेकिंग करने व राजस्व की वसूली करने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि जब वह आदिल्य उर्फ कालू के मकान पर बिजली का बिल वसूली करने के लिए पहुंचे तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि आदित्य ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली विभाग की टीम के साथ धक्का मुक्की व मारपीट की।


# कार्यालय नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 682/न0पं0न0/2024-25 दिनांक 17.01.2025

## -: ई निविदा सूचना:-

समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर द्वारा "वंदन योजना" द्वारा प्राप्त धनराशि से निविदा आमंत्रित की जा रही हैं जो ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 27.01.2025 को सायः 05:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एंव अपलोड की जा सकती है तथा कार्यों की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मूल्य प्रति दिनांक 28.01.2024 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक नगर पंचायत नरौरा के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगी एंव उसी दिनांक अपराहन 02:00 बजे नगर पंचायत नरौरा कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एंव www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नरौरा
जनपद बुलन्दशहर।

(प्रीति यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नरौरा
जनपद बुलन्दशहर।


# वैट मोड़ चौकी नेशनल हाईवे पर गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** जनपद में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के आला अधिकारियों को बगैर हेलमेट लगाए दुपहिया वाहन, बगैर सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन, चालान प्रक्रिया करने के लिए नजर आते हैं। लेकिन गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्राले मौत का यमराज बनकर नेशनल हाईवे पर दौड़ रहे हैं। लेकिन संबंधी विभाग को ये नजर नहीं आ रहे हैं। सिंभावली एवं बृजनाथपुर शुगर मिल के द्वारा गन्ना ढुलाई के लिए छोड़े जाने वाले ठेके को लेने के उपरांत ट्रांसपोर्टरों के द्वारा सभी नियमों ताक पर रखकर ओवरलोड का खेल खेलना शुरू कर दिया जाता है। दोनों शुगर मिलों में गन्ने की ढुलाई करने को लेकर ट्रांसपोर्टरों के द्वारा सस्ते दामों पर ऐसे ट्रको से गन्ने की ढुलाई कराई जा रही है। जिनके सरकारी टैक्स चोरी करने के लिए संभागीय परिवहन कार्यालय में कागज जमा कर दिए जाते हैं। या फिर दस्तावेजों में अपनी आयु पूरी कर चुके हैं और ट्रैक्टर कृषि कार्य में रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है। जो धड़ल्ले से कमर्शियल में प्रयोग किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो दोनों शुगर मिलों में गन्ने की ढुलाई करने वाले ट्रांसपोर्टरों के द्वारा ओवरलोडिंग का गोरखधंधा खेलने का बहुत बड़े पैमाने पर नेटवर्क बिछाया हुआ है। जिसमें यातायात पुलिस से लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों पर सवाल खड़ा कर रहा है। जिसमें ओवरलोड गन्ना भरकर चलने वाले ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्राले दोनों ही विभागों को नजर नहीं आ रहे।




## हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण

पत्र सं॰ 330/अधि0 अभि0/एच0पी0डी0ए0/2024-25 दिनांकः 12.01.2025

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की ओर से हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/विशिष्ट श्रेणी से ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-337/अधी0अभि0/ एच0पी0डी0ए0/2024-25 दिनांक 17/01/2025 में वर्णित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्ते हापुड़ पिलखुवा की वेबसाइट WWW.hpdaonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर दिनांक 20/01/2025 से उपलब्ध होगी। संबंधित निविदा को ई-निविदा आमंत्रण सूचना में उनके सम्मुख अंकित की गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदा को उसके सम्मुख अंकित तिथि पर खोला जायेगा। किसी परिवर्तन संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये वेबसाइट देखते रहें।

**अधीक्षण अभियंता**
हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण हापुड़।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन, मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस पर शुक्रवार को छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम मौढ़ी हजरतपुर तथा छात्रा इकाई की स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी ऊषा सिंह के दिशा निर्देशन में ग्राम गुलड़िया में मतदाता जागरूकता अभियान के संदर्भ में जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया । दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ भूपेन्द्र कुमार चौहान (सचिव सहकारी समिति मौढ़ी हजरतपुर कांठ) ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका यशिका बिश्नोई, दिव्या बिश्नोई, आयुषी बिश्नोई, आर्या तिवारी आदि छात्र-छात्राओं ने लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी तथा मतदाता जागरूकता के संबंध में कविताओं,भाषण एवं गीतों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बौद्धिक संगोष्ठी में भूपेन्द्र कुमार चौहान ने नागरिकों के कर्तव्यों व अधिकारों की जानकारी दी तथा स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।जो विद्यार्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं;वे अपने बोट बनवाएं तथा निष्पक्ष मतदान करें। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि नागरिकों को अपने कर्तव्यों व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए ।बौद्धिक संगोष्ठी के उपरांत मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे' संचालन छात्रा गरिमा सिंह एवं किट्टू यादव ने किया।







## शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विज्ञान के शिक्षक सीखेंगे पढ़ाने की सरल विधि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरकारी विद्यालयों के कक्षा छह से 10 तक के विज्ञान विषय के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से शिक्षकों को पढ़ाने के लिए सरल विधि बताई जाएगी। इससे हजारों विद्यार्थियों को भी फायदा होगा।शिक्षकों को पढ़ाने के दौरान होने वाली समस्याएं भी बताने के लिए कहा गया है, ताकि प्रशिक्षण के लिए एक बेहतर मॉड्यूल तैयार हो सके। शिक्षक सुझाव व समस्याएं गूगल फॉर्म एचटीटीपीएसः//फॉर्म्स.ग्ले/69रु डीएनबूझपंजैर5 में भरकर बता सकते हैं। लखनऊ में 101 एडेड व 55 राजकीय कॉलेज हैं। इनमें भौतिक व जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को सरल विधि से पढ़ाने का तरीका एनसीईआरटी ने बताने का निर्णय लिया है। एनसीईआरटी न्यू एजुकेशन पॉलिसी के क्रम में माड्यूल तैयार कर रहा है। यूपी बोर्ड में भी एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई हो रही है। इन किताबों से पढ़ाई कराने के लिए शिक्षकों के अनुभव व समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी गई है।

## ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबरः कांठ सहित प्रत्येक विकास खंड में मनरेगा से तैयार होंगे पांच खेल मैदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित ने कहा कि प्रत्येक विकास खंड में पांच-पांच खेल मैदान मनरेगा से तैयार किए जाएंगे। इसमें रनिंग ट्रैक और योग के लिए शेड भी बनाए जाएंगे।सीडीओ ने विकास भवन में जीरो पॉवर्टी, मनरेगा सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीडीओ से कहा कि प्रत्येक विकास खंड में पांच-पांच खेल मैदान होने से युवाओं की सेहत बनेगी। इसमें कम खर्च में । हॉकी, बॉलीवॉल, फुटबाल, कबड्डी जैसे खेल आयोजित किए जा सकते हैं। क्रिकेट के लिए अच्छी सुविधा होनी चाहिए'कम खर्च से मनरेगा के तहत रनिंग ट्रैक, योग के लिए शेड बनाए जाएंगे। इसका लाभ गांव के उम्र दराज लोगों तक पहुंचेगा। मनरेगा के तहत महिला मेट का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा और उनको कार्य उपलब्ध कराए जाएंगे। विकास खंड अधिकारी प्रत्येक गोशाला में शीघ्र ही हैलोजन लाइट की व्यवस्था कराएंगे। साथ ही प्रत्येक गोशाला का निरीक्षण कर रुरल साफ्ट पर अपलोड करेंगे। जीरो पॉवर्टी स्कीम के तहत प्रत्येक बीडीओ सर्वे का कार्य पूरा कराएंगे। प्रत्येक बीडीओ को लक्ष्य दिए गए कि 25 जनवरी तक 2000 फैमिली आईडी स्वीकृत करेंगे। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2021 से 2024 तक 28 अधूरे आवासों को एक सप्ताह में पूरा कराना होगा।प्रत्येक सर्वेयर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री योजना के तहत नए आवासों के लिए प्रतिदिन 10-10 लाभार्थियों का सर्वे करेंगे। बैठक में डीडीओ जीबी पाठक, परियोजना निदेशक निर्मल द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कंसल आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष में 26 जनवरी को महिला व पुरूष ओपन वर्ग में 05 किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय के द्वारा कराया जा रहा है।

# टीएमयू फिजियोथेरेपी स्टुडेंट्स ने महामारी से निपटने की तैयारी के ग्रामीणों को दिए टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से एपिडेमिक प्रिपेर्डनेस पर राष्ट्रीय सेवा योजना-

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से एपिडेमिक प्रिपेर्डनेस-महामारी तैयारी पर जागरूकता कार्यक्रम**

एनएसएस के तहत ग्राम हकीमपुर के प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी स्टुडेंट्स ने ग्रामीणों को संक्रमण से बचाव के उपायों, स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता और समय रहते एपिडेमिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्टुडेंट्स ने बताया, जब कोरोना आया था, तो हमारी कोई विशेष तैयारी नहीं थी, जिसके कारण लॉकडाउन लगाना पड़ा। इससे देश के सामने आर्थिक समस्या और मंदी का सामना करना पड़ा। भविष्य में इस प्रकार की कोई भी गंभीर बीमारी न फैले, इसके लिए सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के प्रति बेहद संजीदा है। इसके लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू करने के संग-संग पैरामेडिकल की भी ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि हम महामारी के प्रकोप को कम कर सकें। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर श्री हरीश शर्मा के संग-संग बीपीटी-सेकेंड, थर्ड और फोर्थ ईयर, ईयर के १७ स्टुडेंट्स मौजूद रहे।



# जिला उद्योग बंधु की बैठकः खराब सड़कों का मुद्दा बैठक में छाया रहा, अगवानपुर ओवर ब्रिज की खराब लाइटों को ठीक करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिला उद्योग बंधु की बैठक में खराब सड़कों का मुद्दा छाया रहा। औद्योगिक क्षेत्र वीरपुर/सब्जीपुर में नेशनल हाईवे का सर्विस रोड दिए जाने के लिए मुरादाबाद एसईजेड एसोसिएशन ने मांग रखी। मनोहरपुर होकर नई सड़क बनाने की मांग पर उद्यमियों ने जिला प्रशासन को सुझाव भी दिए।डीएम अनुज सिंह ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। यंग एंटरप्रेन्योर सोसायटी ने कांठ रोड पर लदावली में सड़कों की मरम्मत कराने की अपील की। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को कार्रवाई कर सूचना देने के निर्देश दिए। बैठक में दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइव इन 24 के पीछे इंडिया गार्डन वाली गली की सड़कें बनवाने की मांग रखी गई। कांठ रोड पर अगवानपुर ओवरब्रिज की खराब लाइटों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के बाद भी लंबित पड़े प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिसपर डीएम ने हर प्रकरण पर संबंधित अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही इस योजना के तहत बेहतर कार्य करने के लिए प्रथमा बैंक के महाप्रबंधक को सम्मानित किया गया। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी, प्रथमा बैंक के महाप्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व उद्यमी मौजूद रहे।

**बैठक में दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइव इन 24 के पीछे इंडिया गार्डन वाली गली की सड़कें बनवाने की मांग रखी गई। कांठ रोड पर अगवानपुर ओवरब्रिज की खराब लाइटों के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया**

# कलाबाजारी अवैध स्टॉक के भंडारण को रोकने के लिए कृषि अधिकारी ने की छापेमारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** जिलाधिकारी राजेन्द्र सिंह पैंसियाके निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रबी अभियान के अन्तर्गत कीटनाशकों की उपलब्धता, गुणवत्ता बनाये रखने एवं कालाबाजारी, अवैध स्टॉक के भण्डारण एवं ओवर रेटिंग आदि को रोकने के सम्बन्ध में संयुक्त टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिसके क्रम में जनपद में कुल 28 दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें से 11 दुकानों का नमूना लिया गया एवं 03 को कारण बताओ नोटिस दिया गया। साथ ही 03 दुकानें निरीक्षण के समय बन्द पाई गई जिनके लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जा रही है।



# नगर में तहसील स्तरीय भाषण, क्विज एवं पोस्ट प्रतियोगिता हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शुक्रवार को नगर के डी. एस. एम. इण्टर कालेज में तहसील स्तरीय सड़क सुरक्षा से सम्बंधित भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डी. एस. एम. इण्टर कालेज के अलावा विहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, श्रीकृष्ण इंटर कलिज पांठंगी रिजवान गर्ल्स इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - रहनुमा परवीन बिहारी आदर्श कन्या इंटर कालेज, द्वितीय शमामा वसीम रिजवान गर्ल्स इंटर कालेज, तृतीय स्थान डी.एस.एम इ.कालेज, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - प्रिंस डी.एस.एम. इंटर कालेज, द्वितीय स्थान सोफिया परवीन बिहारी आदर्श कन्या इंटर कालेज,तृतीय अनस इंटर कालेज पाठँगी, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -जरीन अंसारी - द्वितीय शगूफी और तृतीय स्थान आईशानूर ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में आंचल, हरिनाथ यादव, तथा अनीता रही प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में बबलू एवं रामअचल का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी चयनित छात्रों को 18 जनवरी को राजकीय कन्या इंटर कालेज लाइन पार मुरादाबाद में प्रतिभाग करना होगा।

**भाषण प्रतियोगिता में रहनुमा परवीन, क्विज प्रतियोगिता में प्रिंस, पोस्टर प्रतियोगिता में जरीन अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**





## कांठ तहसील में 13 परीक्षा के दो पर 9173 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केदो को अंतिम रूप दे दिया गया है'ब्लॉक छजलेट में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं' रहबर ए आम मुस्लिम इंटर कॉलेज, कृषक उपकारक इंटर कॉलेज मतलबपुर, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कला, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ, ऋषिबाल इंटर कॉलेज पट्टीमौढा, शांति देवी इंटर कॉलेज फतेहपुर बिश्नोई ,केवी इंटर कॉलेज चंगेरी, पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टीमौढा ,भारत माता इंटर कॉलेज कांजीखेड़ा, धर्म सिंह इंटर कॉलेज खलीलपुर,राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर पर हाई स्कूल में कुल 46 24 में 2453 छात्र तथा 2171 छात्राएं तथा इंटरमीडिएट में कुल 4549 में 2518 छात्र तथा 2031 छात्राएं परीक्षा देंगे।




# दो सगी बहनों ने राइफल पिस्टल शूटिंग में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ( सुदेश बिश्नोई)।** चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में 8 जनवरी से चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी राइफल पिस्टल शूटिंग में मुरादाबाद की अंशिका और वंशिका दोनों सगी बहनों ने प्रतिभाग किया जिसमें अंशिका बिश्नोई ने 612.2 और वंशिका बिश्नोई ने 610.7 का स्कोर प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों शूटर बहनों के पिता राजीव कुमार बिश्नोई ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां शूटिंग क्षेत्र में कई वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं ' कोच के कुशल निर्देशन में उनकी दोनों बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं।



**बैठक** ठेकेदार का पेमेंट रोक कर कार्य दुरुस्त कराया जाए : धर्मपाल सिंह बिश्नोई

# सिल्ट सफाई पर असंतोष व्यक्त किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिंचाई खण्ड मुरादाबाद की आवश्यक बैठक मुरादाबाद मंडल कार्यालय के मीटिंग हॉल में शुक्रवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिहँ विश्नोई ने तथा संचालन बैठक के संयोजक अधिशासी अभियन्ता नीरज कुमार गुप्ता ने की।बैठक में अध्यक्ष द्वारा सिल्ट सफाई पर असन्तोष व्यक्त किया गया तथा ठेकेदार का पैमेंट रोक कर कार्य को पुनः दुरुस्त करने को कहा। शेखूपुरा माइनर जो उमरी रजवाहे से निकलती, दो स्थानो पर वन्द है जिसे तुरन्त ठीक करने का आदेश पारित हुआ। नहरों में टेल तक पानी पहुंच गया है तथा रोस्टर के अनुसार ही नहरों में पानी दिया जायेगा, 2012 से सिचाई शासन के आदेश पर ही, निशुल्क की जा रही है अतः वसूली, कुलावा आदि की कोई समस्या नहीं है। सिंचाई खण्ड अफजल गढ़ के 17 किमी॰ से सम्बन्धित रजवाहे पर होज का निर्माण शीघ्र ही पूरा हो जाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान में बाढ और सूखे की कोई समस्या नहीं है। बैठक में अधिशासी अभियंता आर बी सिंह, आशीष कुमार लाल, स0 अभि0 कु0 पूजा, नलकूप स0अभि0 श्रद्धा भट्ट, नलकूप जितेन्द्र कुमार, अफजल गढ उप खण्ड मलखान सिंह, कृषि विभाग से विजय पाल सिंह एवं अमित कुमार, बाढ खण्ड से अरविन्द कुमार आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।






# कार्यालय ग्राम पंचायत मनकुआ वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद

पत्र सं0 मीमों/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा0पं0/निविदा/2024-25 दिनांकः- 17.01.2025

## -ः अल्पकालीन निविदा सूचनाः-

ग्राम पंचायत मनकुआ विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 18.01.2025 से 25.01.2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण-पत्र/व्यापारकर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जनानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्नक करते हुये अपनी निविदा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.01.2025 को अपराहन 03:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अहसान के घर से चन्द्रपाल के घर तक सी0सी0 टाईल्स का निर्माण कार्य | 397042 | 2 प्रतिशत | 500 | तीन माह |
| 2 | रिसाल के घर से सुनील के घर तक सी0सी0 टाईल्स का कार्य | 364663 | 2 प्रतिशत | 500 | तीन माह |
| 3 | गंगाराम के घर से चन्द्र के घर तक सी0सी0 टाईल्स का कार्य | 373115 | 2 प्रतिशत | 500 | तीन माह |

शर्तेः-
1. आयकर, व्यापारकर नियमानुसार देय होगा, ठेकेदारो को आयकर व्यापारकर एंव टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्तारी को निहित होगा।
3. कोई भी निविदा बिना शर्त स्वीकार नही की जायेगी।

सचिव
ग्राम पंचायत मनकुआ
वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनकुआ
वि0ख0 छजलैट जनपद मुरादाबाद



# बॉसी लुक में अनन्या पांडे ने बरपाया कहर, एक्ट्रेस की किलर अदाओं पर मर-मिटे फैंस


बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका बॉसी लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान रेड कलर का ब्लेजर और कोट-पेंट सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं। खुले बाल, मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

उनके इस लुक पर से फैंस नजरें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर फैंस दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके स्टाइल को काफी फॉलो करते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर सोनू सूद की फतेह की कमाई में बढ़ोतरी, पांचवें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह बीते 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं और उनकी अदाकारी की खूब तारीफ भी हो रही है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।



पहले दिन टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद फतेह का कारोबार लगातार घटता जा रहा है। हालांकि, पांचवें दिन यह फिर से पटरी पर लौट चुकी है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 9.30 करोड़ रुपये हो गया है।

फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। चौथे दिन यह फिल्म 95 लाख रुपये कमाने में सफल रही।

खास बात यह है कि सोनू न सिर्फ फतेह के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है, वहीं वह इस फिल्म के लेखक भी हैं। फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और विजय राज जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है। इस फिल्म में सोनू की जोड़ी पहली बार जैकलीन फर्नांडिस के साथ बनी है। सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद फतेह ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी।

# दुनियाभर में छाई नंदमुरी बालाकृष्णा की फिल्म डाकू महाराज, गेम चेंजर का खेल बिगाड़ कर डाली 92 करोड़ से ज्यादा की कमाई

बॉबी कोली द्वारा निर्देशित नंदमुरी बालकृष्ण की नवीनतम फिल्म डाकू महाराज बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। संक्रांति के उपहार के रूप में रविवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 92 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट ने इस उपलब्धि की घोषणा की और एक्स (ट्विटर) प्लेटफॉर्म पर एक विशेष पोस्टर जारी किया। प्रोडक्शन कंपनी ने कहा, इस संक्रांति पर ब्लॉकबस्टर बन चुकी डाकू महाराज दुनियाभर के दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। यह संक्रांति डाकुओं के राजा महाराज की है। यह महाराज बॉक्स ऑफिस और दिलों पर राज कर रहे हैं। पारिवारिक भावनाओं से भरपूर एक बेहतरीन संक्रांति! फिल्म ने पहले दिन 56 करोड़ रुपये से अधिक और दूसरे दिन 74 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह बालकृष्ण के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई।




डाकू महाराज में बालकृष्ण के साथ नायिकाओं के रूप में श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल और उर्वशी रौतेला जैसे कलाकारों की टोली है। इस फिल्म का संगीत एस.एस. थमन ने तैयार किया है और इसका निर्माण सूर्यदेवरा नागवंशी ने सीथारा एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है। अपने प्रभावशाली बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ, डाकू महाराज ने संक्रांति ब्लॉकबस्टर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

फिल्म की सफलता का श्रेय पारिवारिक भावनाओं, एक्शन और मनोरंजन के इसके बेहतरीन मिश्रण को दिया जा सकता है। चूंकि डाकू महाराज बॉक्स ऑफिस पर राज कर रहा है, इसलिए यह स्पष्ट है कि यह संक्रांति वास्तव में नंदमुरी बालकृष्ण की है। अपने प्रभावशाली कलेक्शन और सकारात्मक वर्ड-ऑफ-माउथ के साथ, डाकू महाराज साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बनने के लिए तैयार है।

# पारुल गुलाटी कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी ?

एक्ट्रेस पारुल गुलाटी ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस पोस्ट ने फैंस को उनकी अगली फिल्म को लेकर कयास लगाने पर मजबूर कर दिया है। पारुल ने कुछ मजेदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक स्क्रिप्ट पकड़े नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन दिया, जल्द आ रही हूं, आप सभी को हंसाने के लिए! इस खुलासे ने उनके फॉलोअर्स के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, और अब सभी अंदाजा लगा रहे हैं कि पारुल अपनी पहली कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन



चचाएं हैं कि फैंस उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में देखेंगे, जो हंसी से भरपूर अनुभव देगा। पारुल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं और कई लोग उन्हें मालकिन कहकर भी बुलाते हैं। एक सूत्र ने बताया, पारुल ने इस फिल्म के लिए एक एक्टिंग मेंटर के साथ तैयारी शुरू कर दी है। वह लंबे समय से कॉमेडी प्रोजेक्ट्स में काम करने की इच्छुक थीं। उन्होंने एक प्रोजेक्ट साइन किया है, लेकिन फिलहाल सब कुछ गोपनीय है। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। फैंस अब बेसब्री से इंतेजार कर रहे हैं कि पारुल अपने इस नए प्रोजेक्ट से उन्हें किस तरह सरप्राइज देंगी।

# ज्यादा परफ्यूम लगाने से हो सकती हैं ये 5 समस्याएं, जानें इसके हानिकारक प्रभाव

परफ्यूम का इस्तेमाल हम सभी करते हैं ताकि हम ताजगी महसूस कर सकें। यह हमारे व्यक्तित्व को निखारने का एक तरीका है, लेकिन ज्यादा परफ्यूम लगाना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

अत्यधिक परफ्यूम का इस्तेमाल आपकी त्वचा, सांस लेने की क्षमता और आसपास के लोगों को प्रभावित कर सकता है। इस लेख में जानें कि कैसे ज्यादा परफ्यूम लगाने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है और इसके हानिकारक प्रभाव क्या हो सकते हैं।



त्वचा पर जलन

ज्यादा परफ्यूम लगाने से त्वचा पर जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कई बार परफ्यूम में मौजूद रासायनिक तत्व आपकी त्वचा के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं, जिससे खुजली, लालिमा या दाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो यह समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि आप कितनी मात्रा में परफ्यूम लगा रहे हैं और इसे सीधे त्वचा पर न लगाएं।

**सांस लेने में दिक्कत**

अत्यधिक मात्रा में परफ्यूम लगाने से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

खासकर उन लोगों के लिए जो पहले से ही अस्थमा या एलर्जी जैसी समस्याओं से जूझ रहे होते हैं, उनके लिए यह स्थिति और भी गंभीर बन जाती है।

जब आप बहुत ज्यादा परफ्यूम लगाते हैं तो उसकी गंध हवा में फैलती है और इसे सांस के जरिए अंदर लेना मुश्किल होता है।

**सिरदर्द की समस्या**

परफ्यूम की तेज गंध कई बार सिरदर्द का कारण बन सकती है।

कुछ लोग गंध के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं और उन्हें तेज गंध सहन नहीं होती। ऐसे मामलों में ज्यादा परफ्यूम लगाने से सिरदर्द या माइग्रेन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

यह समस्या तब और बढ़ जाती है जब आप बंद जगहों में होते हैं, जहां हवा का प्रवाह कम होता है। इसलिए हमेशा हल्की खुशबू वाले उत्पादों का चयन करें।

**आंखों में जलन होना**

परफ्यूम की तेज गंध आंखों को प्रभावित कर सकती है, जिससे उनमें जलन या पानी आने की समस्या हो सकती है।

खासकर जब आप आंखों के पास ज्यादा मात्रा में परफ्यूम स्प्रे करते हैं तो यह समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए परफ्यूम लगाते समय ध्यान रखें कि इसे आंखों से दूर रखें।

अगर आपकी आंखें संवेदनशील हैं तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए हमेशा सावधानी बरतें और ज्यादा परफ्यूम का उपयोग न करें।

**दूसरों को असुविधा**


जब आप बहुत ज्यादा परफ्यूम लगाते हैं तो इसकी तीव्र गंध दूसरों को असुविधा दे सकती है, खासकर बंद जगहों जैसे ऑफिस या मीटिंग्स आदि में जहां लोग करीब-करीब बैठे होते हैं।

इससे आपके आसपास के लोग परेशान महसूस कर सकते हैं और उनकी एकाग्रता भंग हो सकती है।

इन सभी बातों को ध्यान रखते हुए हमें समझना चाहिए कि किसी भी चीज का अत्यधिक उपयोग हानिकारक होता है, चाहे वह कितना ही अच्छा क्यों न लगे।

# कैसे होता है सर्दी-जुकाम ?, जानिए इसके पीछे कौन सा है वायरस

मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी-खांसी होना सामान्य बात है. इसको लेकर ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है. कुछ दिनों के आराम और देखभाल से ये समस्याएं ठीक हो जाते हैं. लेकिन कभी-कभी यह आपके लिए चिंता का विषय हो सकता है, क्या आपको पता है सर्दी-जुकाम कैसे होते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...



**सर्दी-जुकाम क्यों होते हैं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी और खांसी शरीर को बीमारी से बचाने का एक उपाय है. जब भी कोई वायरस शरीर पर हमला करता है तो शरीर वायरस से लड़ने के लिए अपना तापमान बढ़ा लेता है. जब शरीर को अपना तापमान बढ़ाता है, तो वायरस स्वयं को जल्दी से विभाजित नहीं कर पाते हैं और शरीर को समाप्त होने का अवसर मिलता है. सर्दी-जुकाम के लिए एक नहीं बल्कि कई वायरस जिम्मेदार होते हैं।

**इन वायरस से होता है सर्दी-जुकाम-राइनोवायरस**

एक रिपोर्ट के मुताबिक सर्दी-खांसी के लगभग 40 प्रतिशत मामले राइनोवायरस के कारण ही होते हैं। जिसे सामान्य सर्दी या कॉमन कोल्ड कहा जाता है।

**कोरोना वायरस**

साल 2019-20 में आई कोविड 19 की महामारी की वजह से भी सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं होती हैं. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, कभी-कभी सामान्य सर्दी के लक्षण दिखाई देते हैं लेकिन गंभीर मामलों में सर्व एक्यूट रेस्पायरेटरी सिंड्रोम यानी फेफड़ों और सांस लेने में समस्या होती है।


# बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का धमाल जारी, 41वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2ः द रूल पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। इस फिल्म ने देश समेत विदेश तक में अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है। छठे सप्ताह में भी फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा।

फिल्म को रिलीज हुए 41 दिन बीत गए हैं और यह अब भी करोड़ों में कमा रही है। अब पुष्पा 2 की कमाई के 41वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने अपनी रिलीज के 41वें दिन यानी छठे मंगलवार को 1.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,223 करोड़ रुपये हो गया है। विदेश में पुष्पा 2 खूब धमाल मचा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 1,920 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

बता दें कि पुष्पा 2 ने हिंदी भाषा में 804.53 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।



पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। फिल्म में श्रीवल्ली के रूप में रश्मिका मंदाना भी अल्लू के साथ ताल से ताल मिलाती दिखती हैं। अभिनेता फहद फासिल भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म में अभिनेत्री श्रीलीला ने आइटम सॉन्ग किसिक भी किया है। यह साल 2021 में आई फिल्म पुष्पाः द राइज का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ। सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद पुष्पा 2 भी अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# बुलन्दशहर की डीएम बनी श्रुति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**
**अब्दुल सलाम**

**बुलंदशहर!** आईएएस श्रुति, साल 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी हैं. वह यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (YEIDA) की सीईओ हैं. इससे पहले, वह नोएडा अथॉरिटी में एसीईओ के पद पर काम कर चुकी हैं. इसके अलावा, उन्होंने बलरामपुर और फतेहपुर ज़िलों में ज़िलाधिकारी के तौर पर भी काम किया है।



**आईएएस श्रुति के बारे में कुछ और खास बातें:**

श्रुति ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उन्हें साल 2017 में अपर मिशन निदेशक, एनएचएम बनाया गया था। श्रुति अपने प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी और उनकी रफ़्तार को बनाए रखने की योजना बनाई!

# डीएम का स्थानांतरण होने पर कलेक्ट्रेट कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (वसीम खाँन)।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह का जनपद बुलन्दशहर से जनपद मथुरा में स्थानांतरण होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के साथ किए गए कार्य के अनुभवों को साझा कर विचार व्यक्त किए गए। समारोह में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों की टीम द्वारा मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया मेरा पूरा परिवार की तरह सहयोग किया और उन्होंने जनपद वासियों की सराहना करते हुए कहा कि





जनपद वासी बहुत अच्छे हैं, जनपद में गंगा जमुना तहजीब की तरह लोग निवास करते हैं। जनपद वासियों का उन्होंने धन्यवाद करते हुए कहा कि जनपदवासियों का मुझे परिवार की तरह पूरा सहयोग मिला। जनपद वासियों व कर्मचारियों एवं अधिकारियों की टीम द्वारा मिले सहयोग के लिए समस्त जनपद वासियों व कर्मचारियों एवं अधिकारियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 प्रशान्त कुमार सहित समस्त कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अमरपुर में बूढे बाबा मेला स्थल पर गंदगी से लोगों में रोष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खानपुर (वसीम खॉन)।** क्षेत्र के अमरपुर गांव में ऐतिहासिक बूढ़े बाबा मेला स्थल पर गंदगी होने से ग्रामीणों में रोष है। हर वर्ष लगने वाले एक दिवसीय मेले में कई गांवों से श्रद्धालु मेले में आते हैं, लेकिन गंदगी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के अमरपुरा गांव में ऐतिहासिक बूढ़े बाबा मेला का आयोजन प्रति वर्ष होता है। मेला स्थल पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सुनील शर्मा, संतोष शर्मा, दुलीचंद जाटव, संजय शर्मा, भिखारी सिंह जाटव आदि ग्रामीणों का कहना है कि मेला स्थल की आज तक सफाई नहीं हो पाई है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पॉलिथीन के खाली बैग, गोबर, और कूड़ा अटा होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। तालाब के किनारे पड़े कूड़े से दुर्गंध आती रहती है। लोगों का आरोप है कि मेला स्थल की सफाई करवाने के लिए ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। यह स्थिति प्राधिकरण की उपेक्षा का परिणाम है। ग्रामीणों ने बताया कि मेला स्थल पर मान्यता है कि तालाब के पास हर वर्ष लगने वाले मेले में यहां लोग मिट्टी लेकर जाते हैं। इस तालाब की मिट्टी का लेप शरीर पर लगाने से त्वचा रोग दूर होते हैं। मेले में आसपास के कई गांवो भारी तादाद में श्रद्धालु करीब 100 वर्ष पुराना बूढ़े बाबा के मठ पर प्रसाद चढ़ाकर और अपने परिवार के लोगों को चर्म रोगों से निजात दिलाने व परिवार की खुशहाली की कामना करते है। गांव में बूढ़े बाबा के मठ पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 जनवरी को बूढ़े बाबा मेला का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण और क्षेत्रीय लोगों ने ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों से बूढ़े बाबा मेला स्थल पर साफ सफाई करने की मांग की।



# संचार साथी ऐप पहरेदार की तरह सभी को रखेगा सुरक्षित : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने फर्जी कॉल और मैसेज को रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय संचार और नॉर्थ-ईस्ट विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संचार साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया।

संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, संचार साथी को एक ऐप के रूप में हर एक उपभोक्ता के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। इस पोर्टल की सफलता विश्वव्यापी रही है। जहां 9 करोड़ लोगों ने पोर्टल पर विजिट किया है। करीब पौने तीन करोड़ फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है, ये वे फोन थे जो गलत तरीके से रजिस्टर्ड हुए थे या फ्रॉड में भागीदार रहे थे। 11 लाख म्यूल के अकाउंट हमने फ्रीज किए हैं और 12.50 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी डिस्कनेक्ट किए गए हैं।



सिंधिया ने आगे कहा, जो 25 लाख फोन चोरी किए गए थे और जिन्हें डिस्कनेक्ट किया गया था, उनमें से 15 लाख फोन को ट्रेस भी कर लिया गया है। टेक्नोलॉजी सुविधा तो देती है, लेकिन जैसे ही कोई आविष्कार होता है, कभी-कभी इसका गलत इस्तेमाल करने की कोशिश होती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, संचार साथी ऐप एक पहरेदार की तरह सभी को सुरक्षित रखेगा। अब तक जो पोर्टल ने करके दिखाया है, वह अब फोन पर और तेज गति से होगा। दूरसंचार विभाग की वेबसाइट संचार साथी पर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत चक्षु पोर्टल पर करने की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, स्मार्टफोन यूजर फोन चोरी या गुम होने पर इसे ब्लॉक करवा सकते हैं। इस पोर्टल में दो महत्वपूर्ण मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) और टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन (टीएएफसीओपी) के रूप में जाना जाता है। दूरसंचार विभाग की इस सुविधा का इस्तेमाल अब मोबाइल पर ऐप के जरिए किया जा सकता है। प्ले स्टोर से संचार साथी ऐप को डाउनलोड किया जा सकता है।

## डाक सेवा महंगा होने से देश में साक्षरता, शिक्षा और बौद्धिक विकास को भारी झटका लगेगा

# प्रकाशन उद्योग पर संकट: डाक शुल्क में भारी वृद्धि से उत्पन्न समस्याएँ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नये साल के तोहफे के तौर पर सरकार ने आम पाठक और प्रकाशकों को ऐसा तोहफा दिया है कि ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले प्रकाशन उद्योग के सामने अंधेरा छा गया है। साथ ही पाठकों को भी अब किताबों को पढने के लिए मोटी कीमत चुकानी पड़ेगी, जिसका असर देश में साक्षरता, शिक्षा और बौद्धिक विकास को भारी झटका लगेगा। दरअसल डाक विभाग ने छपी किताबों को डाक से भेजने के शुल्क में 18 दिसम्बर 2024 से एक दो नहीं बल्कि करीब 7 (सात) गुने तक की बढोतरी कर दी है। इसको लेकर देशभर के तीन सौ से ज्यादा प्रकाशकों के संगठन भारतीय प्रकाशक संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर इस इंडस्ट्री (प्रकाशन उद्योग और पाठकों को) को बचाने की गुहार लगाई है। दरअसल नई नियम के अनुसार एक किलो किताब को भेजने के लिए पहले जहां 30 रुपये शुल्क चुकाना होता था अब नये नियम के अनुसार 111 रुपये 40 पैसा देना होगा। पांच किलो के लिए पहले 70 रुपये का शुल्क देना होता था अब इतने वजन के लिए 489 रुपये देना होगा।

भारतीय प्रकाशन उद्योग (एफआईबी) ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि पंजीकृत पुस्तक डाक (आरबीपी) सेवा (अब इसे रजिस्टर्ड पोस्ट कर दिया गया है) को बंद करने के फैसले से इंडस्ट्री गंभीर चिंता और निराशा में डूब गई है। इस अचानक, अघोषित नीति परिवर्तन ने पूरे प्रकाशन उद्योग को चौंका दिया है और व्यथित कर दिया है। एफआईबी से जुड़े डायमंड पॉकेट बुक्स के निदेशक नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार का यह फैसला प्रकाशन उद्योग के साथ-साथ लोगों की पढने की रूचि को भी प्रभावित करेंगी। इसके साथ ही किताबें इतनी महंगी हो जाएगी कि उसे खरीदना आम आदमी के बस की नहीं होगी। इससे सरकार की देश को शिक्षित करने की योजनाएं भी प्रभावित होंगी।



नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि एफआईबी ने इस मसले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है और उनसे आग्रह किया है कि इस फैसले को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि पहले तीन फीसद जीएसटी लिया जा रहा था उसे अचानक से बढाकर 18 फीसद कर दिया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जिस देश के बच्चों को ज्ञान अर्जित करने पर जीएसटी देना पड़ेगा वह देश कैसे शिक्षित होगा। उन्होंने कहाकि प्रति 10 रुपये किलो के हिसाब से किताब भेजने का शुल्क लगता था, जिसमें 17 रुपये फिक्स चार्ज था और तीन रुपये जीएसटी। इस तरह एक किलो किताब को भेजने में 30 रुपये खर्च बैठता था अब उसके लिए 111.40 रुपये चुकाना पड़ रहा है। जिसमें एक किलो के लिए 80/-, 17/- रुपये फिक्स चार्ज और जीएसटी के लिए 14.4 रुपये देना पड़ रहा है।

# एक किंवदंती की वापसी: DC2 और मरकरी EV टेक ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में भविष्य के वाहनों का प्रदर्शन किया

**दिल्ली।** मशहूर ऑटोमोटिव डिजाइनर दिलीप छाबड़िया द्वारा स्थापित ऑटोमोटिव कस्टमाइजेशन ब्रांड DC2 ने 17 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में शानदार वापसी की। थोड़े अंतराल के बाद, DC2, मर्करी ईवी के साथ -टेक ने दो अभूतपूर्व उत्पादों का अनावरण किया: ई-टीएएनक्यू, एक भविष्यवादी ऑफ-रोडर, और यूरोपा, एक अति-शानदार पहियों पर शोरूम।

मर्करी ईवी-टेक लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम में डीसी2 द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया, ई-टीएएनक्यू एक पूर्ण-इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन है जिसे शहरी और वाणिज्यिक परिवहन में क्रांति लाने के लिए डिजाइन किया गया है। मजबूत, बोल्ड और शक्ति से भरपूर, यह इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और डिजाइन नवाचार का एक आदर्श संतुलन है। 650 बीएचपी प्रदान करने वाली विशाल 180 'हँ बैटरी से सुसज्जित, भविष्य का ऑफ-रोडर स्थिरता के साथ प्रदर्शन को जोड़ता है।

**ब्रांड ने अपना इन-हाउस ई-टीएएनक्यू लॉन्च किया, जो असाधारण इंजीनियरिंग और डिजाइन वाला एक मजबूत ईवी है जो परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा**

# मुख्यमंत्री से सम्मानित होकर वापस आए आर्यन का हुआ स्वागत, स्थानीय लोगों ने स्वागत में पहनाई पुष्पमाला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (बुलंदशहर)।** स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर लखनऊ में राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा पुरुस्कार से मुख्यमंत्री से सम्मानित होने के बाद गाँव में पहली बार आए आर्यन गौड़ का लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

डिबाई के गाँव कर्णवास निवासी आर्यन गौड़ को रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवेकानंद युवा पुरुस्कार व पचास हजार रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। उन्हें यह पुरस्कार जल सरंक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने को दिया गया है। मुख्यमंत्री से सम्मानित होने के बाद मंगलवार को गाँव में आने पर पिता सुभाष चंद्र गौड़, माता निशा गौड़, भाई अंकित गौड़, आदित्य गौड़, भारत भूषण भारद्वाज, अरविंद सिंह के साथ गाँव के एडवोकेट अजय शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि अंकित शर्मा, रमेश कुमार व गंगा वारियर्स संस्था की ओर से शिवराम शर्मा, करन वर्मा, भूपेंद्र आर्य, अमन शर्मा, पंकज कुमार, मोहन उपाध्याय, रामू शर्मा, इंद्रेश राजपूत, सोनू शर्मा आदि लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



## शोएब मेवाती ने फीता काटकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

# खेलों से होता है खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास: शोएब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दादरी।** नगर के लॉरेन्स एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर, एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व युवा समाजसेवी शोएब मेवाती ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उदघाटन किया। समाज सेवी शोएब मेवाती ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर पहली गेंद भी खेली। इस मौके पर शोएब मेवाती ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।





उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है, वहीं खेलों से उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। इससे उनमें आपसी मेल-जोल की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल हमें युवा शक्ति, युवा एकता का महत्व तथा मित्रता एवं अनुशासन सिखाते हैं। इस मौके पर नईम नईम भाई, फकरुद्दीन मेवाती, पूर्व सभासद नईम भी मौजूद थे। आयोजकों में अब्दुल कादिर, हाफिज वसीम भाई, डॉ. मुकर्रम और जमशेद भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजकों ने कहा कि इस टूर्नामेंट का आयोजन युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। जिससे क्रिकेट के प्रति उनकी रुचि और क्षमता में वृद्धि हो सके।

**सुझाव**

## आम निर्यात हेतु कार्यशाला में किसानों, निर्यातकों और एफपीओ ने दिये सुझाव

# समस्याओं का अंबार फिर कैसे हो विदेश से आम का व्यापार कैसे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** आम निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में किसानों, निर्यातकों और एफपीओ ने आम निर्यात में आने वाली समस्याओं और बाधाओं के अलावा किसानों में जागरूकता की कमी पर चिंता व्यक्त की गई। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में मंडल आयुक्त रोशन जैकब की अध्यक्षता में औद्यानिक मिशन योजना अंतर्गत आयोजित मंडल स्तरीय आम निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में सभी अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपनिदेशक उद्यान लखनऊ मंडल डीके वर्मा ने कहा कि 2019 से लगातार आम निर्यात में गिरावट आई है तथा भारत से सबसे अधिक अल्फांसो और केसर का निर्यात विदेशों को होता है इसके बाद अन्य आमों का नंबर आता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आईपीएम की तकनीक किसानों तक नहीं पहुंच रही है जिसकी वजह से निर्यात योग्य आम उत्पादन में समस्याएं आ रही हैं

अवध आम उत्पादक बागवानी समिति के महासचिव उपेंद्र सिंह ने कहा कि आम का काम दो-तीन महीने होता है यदि यहां प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाए उसके लिए 3 महीने के लिए टेंपरेरी विद्युत कनेक्शन मिलना चाहिए। एक छोटी इकाई के लिए 10 लाख की प्रोसेसिंग यूनिट लगती है ऐसी छोटी-छोटी इकाइयां ब्लॉक स्तर पर लगाई जानी चाहिए जिससे थर्ड क्वालिटी के आम का पल्प निकाल कर सीजन के बाद उसका उपयोग किया जा सकता है जिससे किसानों को अच्छा लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रोसेसिंग यूनिट के लिए मलिहाबाद के औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में एक हाल है जहां कभी प्रोसेसिंग यूनिट लगाई गई थी लेकिन वह आज तक क्रियाशील नहीं हो सकी है इसलिए उसका उपयोग किया जा सकता है। आम निर्यातक नदीम सिद्दीकी ने कहा कि रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस की पुरानी मशीनों से ग्रेडिंग करके आम निर्यात नहीं किया जा सकता है उन्होंने कहा कि वी एच टी भी लगी है लेकिन उसका उपयोग सभी देशों में निर्यात के लिए जरूरी नहीं है उन्होंने कहा कि बैगिंग का आम भी निर्यात में आजमाया जाना चाहिए इसके अलावा लंगड़ा आम चौसा से सस्ता पड़ता है इसको भी दूसरे देशों में भेजने का प्रयास होना चाहिए। सब्सिडी खत्म होने से निर्यात कम हो गया किसान की सब्सिडी बंद हो गई। निर्यात में सब्सिडी के लिए जुलाई में सरकार ने नया शासनादेश जारी किया जिसकी जानकारी आज तक निर्यात को और किसानों तक नहीं पहुंची। इरादा एफपीओ के निदेशक दयाशंकर सिंह ने कहा कि आम निर्यात के लिए किसानों में जागरूकता नहीं है बाजार में गलत दवाएं बिक रही हैं। किसान को यह बताने वाला कोई नहीं है कि कौन सी दवा का प्रयोग कब किया जाना चाहिए जिससे फसल में नुकसान न हो और कौन सी दवा आम निर्यात के लिए प्रतिबंधित है। इसकी जानकारी आज तक किसानों तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि हॉर्टीनेट पर रजिस्ट्रेशन कराने से लेकर ग्लोबल गैप के लिए जरूरी उपाय एक जगह किए जाने चाहिए जिससे किसानों को इधर-उधर भटकना न पड़े। दयाशंकर सिंह ने कहा कि रेलवे में दो बोगी दो महीने के लिए आम फल पट्टी क्षेत्र वाले जिलों से अन्य प्रदेशों को चलने वाली ट्रेनों में लगाई जानी चाहिए जिससे किसान यहां से दूसरे प्रदेशों की बाजारों/ मंडियों मैं भेज सके।






आम निर्यातक राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि सिंगल विंडो की व्यवस्था की बात अब से 15 साल पहले की गई थी परंतु आज तक नहीं की गई यह होना आवश्यक है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267